राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 224 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 फरवरी 2022 मूल्यः 1.50/-

## ख़ास ख़बर

### मध्य प्रदेश में भूकंप के मामूली झटके

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बृहस्पतिवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। हालांकि, इनसे जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के ट्वीट के मुताबिक, भूकंप इंदौर से करीब 125 किलोमीटर दूर पश्चिमी निमाड़ अंचल में बृहस्पतिवार तड़के चार बजकर 53 मिनट पर आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई।

### हिजाब मामले में वकील अपनी दलीलें खत्म करें

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को हिजाब मामले में वकीलों से शुक्रवार तक अपनी दलीलों को खत्म करने को कहा। अदालत ने संकेत दिया कि वह जल्द ही मामले में फैसला सुनाएगी। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी ने वकीलों से कहा कि दलीलें शुक्रवार तक खत्म हो जानी चाहिए। मामले में मुख्य न्यायाधीश समेत तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने संबंधित पक्षों से दो से तीन दिनों के भीतर अपनी लिखित दलीलें प्रस्तुत करने को भी कहा।

### दाऊद का भाई कासकर न्यायिक हिरासत में

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में दाऊद के भाई इकबाल कासकर को बृहस्पतिवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।अंडरवर्ल्ड से जुड़ी संपत्ति और हवाला सौदों में धनशोधन की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले शुक्रवार को कासकर को नवी मुंबई की तलोजा जेल से हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया था, जहां वह जबरन वसूली के कई मामलों के सिलसिले में बंद था। कासकर को ईडी की हिरासत पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे के समक्ष पेश किया।

हिजाब मामला

## कर्नाटक सरकार ने अदालत में सीएफआई का ब्योरा सौंपा

**एजेंसी ■ बेंगलुरु**

कर्नाटक सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय में कहा कि उडुपी में गवर्नमेंट प्री यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज में कुछ अध्यापकों को कथित रूप से धमकी देने को लेकर कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के कुछ सदस्यों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। सुनवाई शुरू होने पर राज्य के महाधिवक्ता प्रभुलिंग नवाडगी ने उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ से कहा कि प्राथमिकी दर्ज की गई और उन्होंने सीएफआई से जुड़ा विवरण सीलबंद लिफाफे में पीठ को दे दिया है। मुख्य न्यायाधीश ऋतु राज अवस्थी, न्यायमूर्ति जे एम खाजी, न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित की पूर्ण पीठ हिजाब मामले की सुनवाई कर रही है।

नवाडगी ने पीठ ने कहा, किसी संगठन के विरूद्ध वकील एस एस नगानंद द्वारा रखी गई बातों के संदर्भ में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। बुधवार को अदालत ने राज्य सरकार से सीएफआई की भूमिका के बारे में जानना चाहा था। एक जनवरी को उडुपी में एक महाविद्यालय की छह छात्राओं ने सीएफआई के एक संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लिया जिसे इस संगठन ने हिजाब पहनकर कक्षाओं में जाने से रोकने के महाविद्यालय प्रशासन के फैसले के विरूद्ध आयोजित किया गया था। चार दिन पहले इन छात्राओं ने प्राचार्य से हिजाब में कक्षा में जाने देने का अनुरोध किया था लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली थी। प्राचार्य रूद्रे गौड़ा ने कहा था कि तबतक छात्राएं हिजाब पहनकर महाविद्यालय परिसर में आती थीं लेकिन वे उसे हटाने के बाद ही कक्षा में प्रवेश करती थीं।



### कॉलेज के पास हिजाब पहनने को लेकर कोई नियम नहीं है: प्राचार्य

उडुपी में एक महाविद्यालय की छह छात्राओं ने सीएफआई के एक संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लिया जिसे इस संगठन ने हिजाब पहनकर कक्षाओं में जाने से रोकने के महाविद्यालय प्रशासन के फैसले के विरूद्ध आयोजित किया गया था। चार दिन पहले इन छात्राओं ने प्राचार्य से हिजाब में कक्षा में जाने देने का अनुरोध किया था लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली थी। प्राचार्य ने कहा था, संस्थान के पास हिजाब पहनने को लेकर कोई नियम नहीं है क्योंकि पिछले 35 सालों से कोई कक्षा में हिजाब नहीं पहनती थी। जो छात्राएं आई थी, उन्हें बाहर से समर्थन प्राप्त था।

# मुमकिन है मोदी फोन पर पुतिन से बात करें

## यूक्रेन संकटः प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रिमंडल समिति की बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

**■ नई दिल्ली**

यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुई स्थिति और वहां फंसे भारतीयों को वापस लाने की उठ रही मांगों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। ऐसी संभावना है कि प्रधानमंत्री मोदी वर्तमान स्थिति के मद्देनजर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत कर सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।इस अहम बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए।

आधिकारिक सूत्रों की ओर से जारी एक वीडियो के मुताबिक केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और हरदीप सिंह पुरी भी इस बैठक में शामिल हुए। हालांकि गोयल और पुरी सीसीएस के सदस्य नहीं हैं। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के



मिश्रा सहित कई शीर्ष स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा एवं प्रतिबंधों को नजरंदाज करते हुए रूस ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया और उसके शहरों और सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले और गोलीबारी की। यूक्रेन सरकार के मुताबिक रूसी टैंक और सैनिक सीमा पर घूम रहे हैं। यूक्रेन ने रूस पर पूर्ण युद्ध छेड़ने का भी आरोप लगाया।

यूक्रेन पर सैन्य कार्वाई की घोषणा के साथ ही पुतिन ने अन्य देशों को चेतावनी भी दी कि रूसी कार्वाई में किसी प्रकार के हस्तक्षेप के प्रयास के ऐसे परिणाम होंगे, जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे।

यूक्रेन में तेज से बदलती इस स्थिति पर भारत करीब से नजर रख रहा है। सरकार की प्राथमिकता वहां फंसे भारतीयों, विशेषकर वहां पढ़ रहे छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

यूक्रेन की राजधानी कीव में भारतीय दूतावास ने यूक्रेन में सभी भारतीय नागरिकों से शांति बनाए रखने और सुरक्षित रहने की सलाह दी है। इस सिलसिले में दूतावास की ओर से आज भी एक परामर्श जारी किया गया है। महाराष्ट्र, केरल, हरियाणा, गुजरात, पंजाब, कर्नाटक और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विभिन्न राजनीतिक दलों ने सरकार से यूक्रेन में फंसे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।


चंडीगढ़ में एक नियंत्रण कक्ष खोला गया

## खट्टर बच्चों की स्वदेशवापसी की लगातार कर रहे हैं कोशिश

**■ चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अधिकतर विद्यार्थियों समेत हरियाणा से करीब 2000 लोग यूक्रेन में फंसे हैं और वह इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के संपर्क में हैं। खट्टर ने यह भी कहा कि विदेश मंत्रालय पहले ही एक नियंत्रण कक्ष स्थापित कर चुका है और राज्य सरकार ने भी चंडीगढ़ में एक नियंत्रण कक्ष खोला है जहां हरियाणा के लोग व्हाट्सअप नंबर 92123-14595 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग ईमेल आईडी कांटैक्टअस एट एफसीडी एट द रेट ऑफ जीमेल डॉट काम पर भी हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग से संपर्क साध सकते हैं।

गृहमंत्री अनिल विज के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने यूक्रेन स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि जो भारतीय वहां फंसे हैं, उनमें करीब 2000 हरियाणा से हैं। यूक्रेन स्थिति पर एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, मैं विदेश मंत्रालय के साथ संपर्क में हूं उनसे यह भी सवाल किया गया था कि हरियाणा के कितने लोग वहां फंसे हैं। इसपर उन्होंने कहा



कि हरियाणा के करीब 2000 लोगों में ज्यादातर विद्यार्थी हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में सैन्य कार्वाई करने का ऐलान करने के बाद यूक्रेन में स्थिति बिगड़ गई है। दोनों देशों के बीच पूर्ण सैन्य टकराव की आशंका लेकर गंभीर चिंता है। खट्टर ने कह कि उन्हें कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला का पत्र मिला और हरियाणा के कुछ अन्य विधायकों ने भी उनसे उन लोगों को लेकर संपर्क किया है जो यूक्रेन में फंसे हैं। सुरजेवाला ने पत्र में खट्टर से यूक्रेन में फंसे लोगों को सभी सुविधाएं प्रदान करने एवं उन्हें स्वदेश वापस लाने का विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उठाने की अपील की है।

एल्गार मामला

### एनआईए ने किया वरवर राव व अन्य की याचिका का विरोध

**मुंबई।** एनआईए ने बंबई उच्च न्यायालय से कवि वरवर राव और दो अन्य सक्रियता वादियों की एक याचिका खारिज करने का आग्रह किया। दरअसल, यचिका के जरिए उच्च न्यायालय के पहले के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है जिसके तहत उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। एनआईए ने हलफनामे में कहा है कि आरोपी पुनर्विचार की आड़ में जमानत का अनुरोध कर रहे हैं और यह कानून प्रक्रिया का दुरूपयोग है तथा एक गलत उदाहरण स्थापित करता है। वरवर राव, अरूण फरेरा और वर्णन गोंजाल्वेस--की एक पुनर्विचार याचिका के जवाब में हलफनामा दाखिल किया है।

राजस्थान बजट

### पूनिया ने प्रतिक्रिया के दौरान दिए विवादित बयान पर माफी मांगी

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सतीश पूनिया ने राज्य के बजट पर प्रतिक्रिया के दौरान दिए अपने विवादित बयान पर बृहस्पतिवार को माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वह ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करते हैं। पूनियां ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, यह लीपापोती वाला बजट है और ऐसा लग रहा है कि किसी काली दुल्हन को ब्यूटी पार्लर में ले जाकर उसका अच्छे से शृंगार करके पेश कर दिया गया है। इससे ज्यादा इस बजट में मुझे कुछ लगता नहीं। तीखी आलोचना के बाद पूनियां ने माफी मांग ली। मैं पार्टी का पक्ष रख रहा था और पक्ष रखते-रखते अनायास कुछ शब्द निकले।

## राज्यपालों की निर्लज्ज तरीके से नियुक्ति कर रही है भाजपा सरकारः माकपा

**■ नई दिल्ली**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार अपनी जरूरतों की पूरा करने के लिए राज्यपालों की निर्लज्ज तरीके से नियुक्ति कर रही है। पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी के संपादकीय में यह दावा भी किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए गए कई राज्यपाल अतीत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे हैं।

गौरतलब है कि केरल में माकपा के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि संविधान में संशोधन करके राज्यों को यह अधिकार दिया जाए कि वो राज्यपालों की नियुक्ति कर सकें या उन्हें वापस बुला सकें। माकपा के मुखपत्र के संपादकीय में कहा गया है, केरल सरकार ने जो रुख अपनाया है वह इस बात को प्रदर्शित करता है कि राज्यपाल की भूमिका में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। मौजूदा समय में राज्यपाल की नियुक्ति केंद्र सरकार करती है और ऐसे में वह केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में काम करता है। वापमंथी दल ने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में केंद्र सरकार ने राज्यपालों की ऐसे निर्लज्ज तरीके से नियुक्ति की है कि वह उसकी जरूरतों को पूरा कर सकें।

## यूक्रेन में भारतीय राजदूत ने कहा लोग धैर्य के साथ रहें

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

यूक्रेन में भारत के राजदूत ने बृहस्पतिवार को उस देश में भारतीयों से अपील की कि वे वर्तमान स्थिति का सामना शांत रहकर और धैर्य के साथ करें।पार्थ सत्पथी ने यूक्रेन में भारतीयों के लिए जारी एक संदेश में कहा कि स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण और बहुत अनिश्चित है और यह बहुत चिंता का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय और दूतावास इस कठिन परिस्थिति का समाधान खोजने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं।वर्तमान में 20,000 भारतीय यूक्रेन में हैं जिनमें अधिकतर छात्र हैं। मैं कीव से आपसे सम्पर्क कर रहा हूं। आज सुबह हम सभी इस खबर के साथ जागे कि यूक्रेन पर हमला हो गया है। स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण और बहुत अनिश्चित है और इससे निश्चित रूप से बहुत चिंता उत्पन्न हो रही है। राजदूत ने कहा, हवाई क्षेत्र बंद है, रेलवे की समयसारिणी अनिश्चित है और सड़कों पर भीड़भाड़ है।

## जम्मू-कश्मीर में ड्रोन से गिराए गए हथियारों का जखीरा बरामद

**एजेंसी ■ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आर.एस. पुरा सेक्टर में एक ड्रोन द्वारा गिराए गए हथियारों का जखीरा बरामद किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के इशारे पर जम्मू जिले के आरएस पुरा-अरनिया इलाके में ड्रोन भेजने और हथियार गिराए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अभियान के दौरान अरनिया सेक्टर के त्रेवा गांव में दो मैगजीन, 70 कारतूस, एक पिस्तौल, तीन डेटोनेटर, तीन रिमोट से नियंत्रित आईईडी, तीन बोतल विस्फोटक, कोर्टेक्स वायर का एक बंडल, दो टाइमर आईईडी और छह ग्रेनेड बरामद हुए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोटक गिराने से एलईटी और टीआरएफ की एक बड़ी आतंकी योजना का पता चलता है, जिसे नाकाम कर दिया गया है। अरनिया थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ राकांपा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी ■ नागपुर**

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक की धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को नागपुर में विरोध प्रदर्शन किया।

राकांपा के नागपुर प्रमुख दुनेश्वर पेठे और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता सीताबुलडी चौक पर एकत्र हुए और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने झांसी रानी चौक पर



▸▸ राकांपा के नेता नवाब मलिक की धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को नागपुर में विरोध प्रदर्शन किया।

मलिक का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की। भगवा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का पुतला फूंका, जिनकी पार्टी महाराष्ट्र में शिवसेना और राकांपा के साथ सरकार में शामिल है। मलिक को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। यह जांच, भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम, उसके सहयोगियों और मुंबई अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों से संबंधित है। एमवीए के शीर्ष नेताओं की एक बैठक के बाद, राकांपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा था कि मलिक का इस्तीफा लेने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

## बड़ी संख्या में भारतीय छात्र कीव स्थित दूतावास के बाहर पहुंचे

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाकर रूस की ओर से सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में भारतीय छात्र कीव में भारतीय दूतावास के बाहर जमा हो गए हैं और मदद की गुहार लगा रहे हैं। छात्रों ने भारतीय दूतावास से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दूतावास ने आस-पास के छात्रों के लिए सुरक्षित परिसर की व्यवस्था की और उन्हें वहां ले जाया गया। उन्होंने कहा कि कीव में जमीनी स्थिति को देखते हुए इस प्रक्रिया में कुछ समय लग गया।

एक सूत्र ने कहा, वर्तमान में कोई भी भारतीय नागरिक दूतावास के बाहर नहीं फंसा है। जैसे ही नए छात्र आ रहे हैं, उन्हें सुरक्षित परिसर में ले जाया जा रहा है। दूतावास ने कहा कि लगभग 200 भारतीय छात्रों को आश्रय प्रदान किया गया है। यूक्रेन में भारतीय राजदूत पार्थ सत्पथी ने बाद में भारतीय छात्रों से बातचीत की और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, आप सभी के लिए यह एक बहुत ही चिंताजनक दिन रहा है..हमने सुना कि आपकी उड़ान रद्द हो गई है। आप सभी यहां हैं। और जैसा कि आप जानते हैं कि मार्शल लॉ लगाया गया है और बहुत से लोग एक साथ नहीं हो सकते हैं।

### जरा हट के... बग्गा




## डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा ग्रेनो का सी एंड डी वेस्ट प्लांट

**■ ग्रेटर नोएडा**

ग्रेटर नोएडा का पहला सी एंड डी वेस्ट प्लांट ईकोटेक-3 में डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा, जिसे देखते हुए प्राधिकरण ने सेक्टरों से निर्माण मलबा उठवाना शुरू करा दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अब तक 35 से अधिक जगहों से निर्माण एवं विध्वंस सामग्री (सी एंड डी वेस्ट) को उठाकर ईकोटेक-3 में निर्माणाधीन प्रोसेसिंग संयंत्र तक पहुंचा दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, इस सी एंड डी वेस्ट प्लांट में मलबे को प्रसंस्कृत कर टाइल्स आदि बनाई जाएगी, जिसका इस्तेमाल निर्माण कार्यों में हो सकेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के बताया कि ग्रेटर नोएडा का पहला सी एंड डी वेस्ट प्लांट सेक्टर ईकोटेक-3 में बनवाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बीते साल दिसंबर से इस पर काम शुरू हो चुका है और यह लगभग 18 माह में बनकर तैयार हो जाएगा।

भूषण के अनुसार, यह संयंत्र पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर बन रहा है और क्षेत्र से निकलने वाले निर्माण मलबे को यहां प्रसंस्कृत कर टाइल्स आदि बनाई जाएगी। इस मलबे से लोहे को अलग करके रिसाइकिल किया जाएगा, जबकि धूल का इस्तेमाल गड्ढों को भरने व सड़क निर्माण में किया जाएगा।

भारतीय मूल के छात्रों, अन्य की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

# राज्यों ने की यूक्रेन से भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

यूक्रेन पर रूस के हमले के मद्देनजर गुजरात, कर्नाटक और पंजाब की सरकारों ने वहां मौजूद भारतीय मूल के छात्रों और अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी वापसी के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है। गुजरात के कई छात्र जो यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे हैं, उन्होंने अपील की है कि उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकाला जाए।

दरअसल, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान की घोषणा की है, जिसके बाद रूसी सेना के यूक्रेन के कई हिस्सों में हमले किए हैं, इसके परिणामस्वरूप हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। गुजरात सरकार ने अभी भी यूक्रेन में फंसे राज्य के छात्रों की सही संख्या निर्दिष्ट नहीं की है। गुजरात के शिक्षा मंत्री जीतू वघानी ने बृहस्पतिवार को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार और साथ ही यूक्रेन में भारतीय दूतावास छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता वघानी ने कहा,इन छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों को पहले से ही आपातकालीन संपर्क नंबर दिए गए थे। छात्रों को यूक्रेन में दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए।

इस बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि राज्य के कम से कम दस छात्र यूक्रेन में फंसे हुए हैं और सरकार उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए वहां



भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी बात करेंगे।

बोम्मई ने कहा,"जिस समय रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा, उस समय लगभग 100 भारतीय छात्र दो बसों में हवाई अड्डे की ओर जा रहे थे और फंसे हुए थे, क्योंकि हवाई अड्डे बंद हो चुके थे और उड़ानें वहां नहीं उतर सकती थीं। इन छात्रों में 10 से अधिक छात्र कर्नाटक से हैं, हम इसके बारे में जानकारी एकत्र कर रहे हैं। भारत यूक्रेन से अपने नागरिकों को निकालने के लिए वैकल्पिक हवाई मार्गों को सक्रिय करने सहित अन्य आकस्मिक योजनाओं पर काम कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में एक सैन्य अभियान की घोषणा के बाद पूर्वी यूरोपीय देश में बड़े पैमाने पर रूसी हमले का खतरा मंडरा रहा है।

यूक्रेन में तेजी से बदलती हुई परिस्थितियों को देखते हुए कुछ आकस्मिक योजनाओं को लागू करने के लिए विदेश मंत्रालय ने उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा है कि यूक्रेन के हवाई क्षेत्र को नागरिक विमानों के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने यूक्रेन में फंसे पंजाबियों सहित अन्य भारतीयों को बचाने और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# रूस ने यूक्रेन की हवाई रक्षा संपत्तियों को कर दिया नष्ट

मॉस्को। रूस ने कहा कि उसने यूक्रेन की सेना की हवाई रक्षा संपत्तियों और सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस के हमलों ने ''यूक्रेन की सेना के हवाई रक्षा संपत्तियों को नष्ट कर दिया है, साथ ही यूक्रेन के सैन्य ठिकानों के बुनियादी ढांचों को नेस्तनाबूद कर दिया है। मंत्रालय ने यूक्रेन से गुजर रहे एक रूसी युद्धक विमान को मार गिराने के दावों को भी खारिज कर दिया।

इस बीच, यूक्रेन की सेना ने कहा कि उसने रूस के पांच विमानों को मार गिराया है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बृहस्पतिवार को यूक्रेन में सैन्य अभियान की घोषणा की है। रूस के इस कदम की अंततराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की जा रही है।

यूरोपीय संघ ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के ''रूस पर व्यापक और गंभीर परिणाम होंगे और जल्द ही उस पर अधिक प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। वहीं, चीन ने यूक्रेन में अपने नागरिकों को मौजूदा सैन्य कार्रवाइयों और अराजकता के कारण घर में रहने की सलाह दी है, लेकिन रूस की सेना की किसी कार्रवाई का उसने कोई जिक्र नहीं किया।

# मनी लांड्रिंग मामले में चीनी नागरिक गिरफ्तार, एक करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का आरोप

अहमदाबाद, प्रेट्र। गुजरात पुलिस ने मनी लांड्रिंग के मामले में एक चीनी नागरिक और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपितों ने हवाला के जरिये चीन को एक करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के लिए मुखौटा कंपनी का इस्तेमाल किया। पुलिस के अनुसार, विभिन्न चीनी मुखौटा कंपनियों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। ऐसी और भी कंपनियों के नाम संदेह के घेरे में हैं।

रूस के कदम को चीन ने आक्रमण कहने से किया इनकार, यूक्रेन के लोगों से की घर पर रहने की अपील

पुलिस ने मंगलवार को चीनी नागरिक पिंग हुआंग को गिरफ्तार किया था। उस पर अपने दो भारतीय साथियों की मदद से हवाला के जरिये चीन को एक करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का आरोप है। अधिकारी ने कहा कि अन्य आरोपित संजय पटेल, जो एक कूरियर फर्म का मालिक है, और सूरज मौर्य, जो चीनी हवाला एजेंट झी चेंग के लिए काम करता है, को भी पकड़ लिया गया है। हुआंग शुआंगमा मशीनरी कंपनी का निदेशक है, जो प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन बनाती है।

दो भारतीय ने भी की थी मदद

दिसंबर 2020 में कंपनी ने हुआंग और उसके दो भारतीय साथियों की मदद से बैंकाक के जरिये हवाला रूट से एक करोड़ रुपये चीन में हस्तांतरित किए थे। अधिकारी ने कहा कि हुआंग को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने उसके मोबाइल फोन से मौर्य और चेंग के बारे में पता लगाया । उन्होंने कहा कि चेंग का कर्मचारी मौर्य, जो मुंबई में उसके काम की देखरेख करता था, ने संजय पटेल के माध्यम से एक करोड़ रुपये प्राप्त किए और इसे आरएमबी बैंक के चीनी बैंक खाते में भेजा। नारनपुरा थाने में विभिन्न धाराओं में दर्ज मामले में तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रूस यूक्रेन हमले के बाद हृअह ने सुरक्षा बलों की तैनाती को और मजबूत करने पर जताई सहमति

कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में सैन्य हमले में अब तक 9 लोगों मौत हो गई जबकि 7 अन्य घायल हो गए। वहीं हमले के बाद नाटो ने यूक्रेन और रूस के पास स्थित अपने पूर्वी किनारे में अपनी जमीनी, समुद्री बलों और वायुसेना की तैनाती को मजबूत करने पर सहमति जतायी।

नाटो के दूतों ने आपातकालीन वार्ता के बाद एक बयान में कहा कि हम गठबंधन के पूर्वी हिस्से में अतिरिक्त रक्षात्मक जमीनी और वायुसेना, साथ ही अतिरिक्त समुद्री परिसंपत्ति तैनात कर रहे हैं। बयान में कहा गया कि हमने सभी आकस्मिक स्थिति का जवाब देने के लिए अपने बलों की तैयारी बढ़ा दी है।

उत्तरी अटलांटिक परिषद की एक बैठक के बाद ब्रुसेल्स (बेल्जियम ) स्थित हृअह मुख्यालय में मीडिया से स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि हमारे पास अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने वाले 100 से अधिक जेट और उत्तर से भूमध्य सागर तक समुद्र में 120 से अधिक जंगी जहाजों बेड़ा है। हम अपने गठबंधन को हमले से बचाने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे।

बता दें कि नाटो के 30 सदस्य देशों में से कुछ यूक्रेन को हथियार, गोला-बारूद और अन्य उपकरणों की आपूर्ति कर रहे हैं। नाटो यूक्रेन के समर्थन में कोई सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं करेगा, जो उसका एक करीबी भागीदार है। संघर्ष के निकटतम देश - एस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड - नाटो की स्थापना संधि के अनुच्छेद 4 के तहत दुर्लभ परामर्श शुरू करने वालों में शामिल हैं, जो तब किया जा सकता है जब ''क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता या किसी की (नाटो सदस्यों में से किसी की) सुरक्षा खतरे में होती है।

दूतों ने कहा कि हमने सभी सहयोगियों की रक्षा के लिए अपनी रक्षात्मक योजना के अनुरूप, गठबंधन में प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हमारे कदम एहतियाती, आनुपातिक और गैर-उकसावे वाले हैं।

# चेर्नोबिल न्यूक्लियर प्लांट पर रूस की सेना ने किया कब्जा

कीव : रूसी सैनिकों ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर व्यापक स्तर पर हमला किया जिसमें हवाई हमले एवं गोलाबारी में उसके शहरों और अड्डों को निशाना बनाया गया। रूसी हमले के परिणामस्वरूप लोग ट्रेनों एवं कारों से इलाके को छोड़ने के लिस प्रयासरत दिखे।

वहीं अब यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के एक सलाहकार मायखाइलो पोडोलीक ने मीडिया को बताया कि रूसी सेना ने चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर कब्जा कर लिया है। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी बल चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। यूक्रेन की सरकार ने कहा कि रूसी टैंक और सैनिक सीमापार करके उसके इलाके में घुस आए और मास्को पर 'पूर्ण युद्ध' छेड़ने का आरोप लगाया जो भौगोलिक व्यवस्था को फिर से लिखने का प्रयास है तथा जिसका प्रभाव पूरी दुनिया पर दिखने लगा है।



रूस के 50 से ज्यादा सैनिकों को मारने का दावा

कीव समेत यूक्रेन के कई शहरों में रूस द्वारा बम गिरने की खबरें आई हैं। रूस बैलेस्टिक मिसाइलों से यूक्रेन पर हमला कर रहा है। अगर मीडिया खबरों की मानें तो हमले में अब तक 50 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 10 आम नागरिकों के मारे जाने की बात सामने आई है। वहीं यूक्रेन ने भी रुस के 50 से ज्यादा सैनिकों को मारने का दावा किया।

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध से हजारों लोगों के मारे जाने का खतरा मंडराने लगा है। पूरी दुनिया की नजर इस इस घटनाक्रम पर लगी हुई है। व्लादिमीर पुतिन द्वारा हमले का आदेश देने के बाद यूक्रेन में धमाके देखे गए। कई शहरों में धुएं का गुबार नजर आया। रूस की तरफ से आसमान से मिसाइलों और बमों की बारिश हुई, जिसमें सेना को भारी नुकसान हुआ।

यूक्रेन के 40 जवान मारे गए

हमले में यूक्रेन के 40 जवान मारे गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडाइमिर जेलेंस्की के सलाहकार ने रूस के हमले में 40 यूक्रेनी सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दर्जनभर से ज्यादा सैनिक घायल भी हुए हैं। कीव शहर के एक हिस्से में एक क्रूज मिसाइल गिरते हुए दिखी है।

नहीं झुकेगा यूक्रेन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने किसी भी देश को इसमें दखल न देने की चेतावनी दी है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति का कहना है कि उनका देश कभी नहीं झुकेगा और आखिरी दम तक लड़ेगा।

# रूस के सैन्य हमले शुरू, यूक्रेन ने देश में 'मार्शल लॉ' किया घोषित



रूस । आखिरकार रूस ने गुरुवार को पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला बोल दिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन में सैन्य अभियान की घोषणा की, साथ ही दावा किया कि इसका मकसद नागरिकों की रक्षा करना है। पुतिन ने टेलीविजन पर एक संबोधन में कहा कि यूक्रेन द्वारा पेश किए जा रहे खतरों के जवाब में यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि रूस का लक्ष्य यूक्रेन पर कब्जा करना नहीं है। पुतिन ने कहा कि खून-खराबे के लिए यूक्रेन का ''शासन जिम्मेदार है। पुतिन ने अन्य देशों को आगाह किया कि रूसी कार्रवाई में किसी प्रकार के हस्तक्षेप के प्रयास ''के ऐसे परिणाम होंगे,जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखे होंगे। रूस के सैन्य हमले शुरू करने पर, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने देश में 'मार्शल लॉ की घोषणा की और नागरिकों से नहीं घबराने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका समेत कई देशों द्वारा लगाई गई पाबंदियों की परवाह किए बगैर यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई का एलान कर दिया। इसके बाद यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई शहरों में बैलेस्टिक मिसाइलों से हमले व बमबारी की खबर है। पुतिन ने अमेरिका व नाटो को भी खुली धमकी दी है।

यूक्रेन ने आपातकाल का ऐलान कर दिया है। साथ ही हवाई क्षेत्र को लेकर खतरे की चेतावनी देते हुए सभी एयरपोर्ट भी बंद कर दिए गए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन पर '' बिना उकसावे वाले और अनुचितहमले की निंदा की और संकल्प किया कि इसके लिए दुनिया ''रूस की जवाबदेही तय करेगी।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस के हमलों ने ''यूक्रेन की सेना के हवाई रक्षा संपत्तियों को नष्ट कर दिया है, साथ ही यूक्रेन के सैन्य ठिकानों के बुनियादी ढांचों को नेस्तनाबूद कर दिया है मंत्रालय ने यूक्रेन से गुजर रहे एक रूसी युद्धक विमान को मार गिराने के दावों को भी खारिज कर दिया।

उधर, यूक्रेन की सीमा रक्षा एजेंसी ने कहा कि रूस की सेना ने पड़ोसी बेलारूस से देश पर हमला किया है। एजेंसी ने कहा कि रूसी सैनिकों ने बेलारूस से तोपों से गोले दागे। यूक्रेन के सैनिक भी जवाबी गोलीबारी कर रहे हैं। साथ ही कहा कि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के प्रतिनिधि ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा घोषित विशेष अभियान यूक्रेन के लोगों की रक्षा के लिए हैं, जो वर्षों से पीड़ित हैं। हमारा लक्ष्य यूक्रेन को नरसंहार से मुक्त करना है।

रूस द्वारा जंग के एलान के बाद यूक्रेन के पूर्वी बंदरगाह शहर मारियुपोल में शक्तिशाली विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा है कि यूक्रेन अपना बचाव करेगा और जीतेगा। पुतिन ने अभी-अभी यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू किया है। यूक्रेन के शांतिपूर्ण शहरों पर हमले हो रहे हैं। यह आक्रामकता का युद्ध है। दुनिया पुतिन को रोक सकती है और उसे भी करना चाहिए। अब कार्रवाई करने का समय है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन में मिलिट्री ऑपरेशन की घोषणा के बाद यूक्रेन की राजधानी कीव में एक धमाका सुना गया है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि जो कोई भी हमारे देश और हमारे लोगों के लिए खतरे पैदा करने की कोशिश करता है, उसे पता होना चाहिए कि रूस की प्रतिक्रिया तत्काल होगी और आपको ऐसे परिणामों की ओर ले जाएगी जैसा आपने अपने इतिहास में पहले कभी अनुभव नहीं किया है।

रूस-यूक्रेन विवाद पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कहा कि हम तत्काल युद्ध टालने की अपील करते हैं, स्थिति एक बड़े संकट में तब्दील होने के कगार पर है। अगर इसे सावधानी से नहीं संभाला जाता तो यह सुरक्षा को कमजोर कर सकता है। सभी पक्षों की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं। आदेश जारी करते हुए पुतिन ने कहा कि अगर यूक्रेन पीछे नहीं हटता है तो जंग होकर रहेगी। पुतिन ने यूक्रेनी सेना को धमकी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द हथियार डाल दें नहीं तो युद्ध को टाला नहीं जा सकता है।

भारत में यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस (यूआईए) की एक स्पेशल फ्लाइट छात्रों सहित 182 भारतीय नागरिकों के साथ आज सुबह 7-45 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंड हुई।

सुरक्षा परिषद में अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि हम रूस की कार्रवाई का एकता के साथ जवाब देना जारी रखेंगे। हम यहां रूस को रुकने, अपनी सीमा पर लौटने, सैनिकों को वापस बैरक में भेजने के लिए अपील करने आए हैं। अपने राजनयिकों को वार्ता की मेज पर लाएं। रूस ने सचमुच यूक्रेन की संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दरअसल रूस द्वारा एक ऑपरेशन तैयार किया जा रहा है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने सैनिकों को यूक्रेन पर हमला करने से रोकें। शांति का एक मौका दें।

यूक्रेन में गहराते युद्ध संकट के मद्देनजर सुरक्षा परिषद में एक बार फिर से आपात बैठक शुरू हो गई है। बता दें कि इससे पहले भी एक बैठक हो चुकी है।

एक संघर्ष निगरानी क्षेत्र द्वारा उड़ान न भरने के जोखिम को बढ़ाने के बाद गुरुवार को संभावित खतरे के कारण यूक्रेनी हवाई क्षेत्र में नागरिक विमानों को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

यूक्रेन सरकार ने रूस के साथ चल रहे टकराव के कारण पूर्वी यूक्रेन में हवाईअड्डों को आधी रात से सुबह 7 बजे (स्थानीय समयानुसार) तक बंद कर दिया। अधिकारियों ने कुछ हवाई क्षेत्र को खतरे वाले क्षेत्र के रूप में भी घोषित किया है।

# पाकिस्तान में गैस की कमी कारण लोग बेहाल



पेशावर। पाकिस्तान में महंगाई ने बीते दो साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। खाने से लेकर तेल, स्वास्थ्य और बाकी सामान हर चीज़ के दाम आसमान छू रहे । ये हालात और बदतर तब हो गए जब खाना बनाने में इस्तेमाल होने वाली गैस की किल्लत होने लगी। सर्दियों के मौसम में घरेलू और व्यावसायिक रूप से इस्तेमाल होने वाली इस गैस में भारी कमी देखने को मिली । पाकिस्तान में गैस की कमी की वजह से कारोबारियों और गृहिणियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

वहां कई सालों से गैस किल्लत है और इसे पूरा करने के लिए पाकिस्तान एलएनजी यानी लिक्विफ़ाइड नेचुरस गैस का आयात करने लगा है। लेकिन तब भी हालात नहीं सुधर रहे। सरकार लोगों की मांग के अनुसार गैस की आपूर्ति नहीं दे पा रही है । सुई नार्दर्न गैस पाइपलाइन लिमिटेड द्वारा गैस की डिमांड पूरी न करने कारण लोगों भारी परेशानी का समना करना पड़ रहा है। एलएनजी पर संचालित अधिकांश सीएनजी स्टेशन भी बंद हो गए हैं।

गैस की कमी के चलते हालात इस कद्र बिगड़े हैं कि रावलपिंडी के निवासी होटलों से खाना लाने पर मजबूर हैं। दो महीने से ज्यादा समय से गैस किल्लत का हवाला देते हुए होटलों ने भोजन के दाम बेतहाशा बढ़ा दिए हैं। सुई नार्दर्न गैस पाइपलाइन लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक मुख्तार शाह ने कहा कि गैस सोखने वाले कंप्रेसर के कारण अधिकांश उपभोक्ता प्राकृतिक गैस से महरूम हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि गैस सोखने वाले कंप्रेसर का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस बीच विक्रेताओं ने कहा है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए लकड़ी और एलपीजी के दाम और बढ़ने की आशंका है। गैस का प्रेशर शून्य हो जाने से कई तंदूर बंद हो गए हैं। अपना काम चलाने के लिए कई होटल खर्चीली एलपीजी या लकड़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# बाइडन, जी-7 के नेताओं ने यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर चर्चा शुरू की

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के ''बिना किसी उकसावे और अनुचित'' हमले के लिए एकजुट प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए बृहस्पतिवार को जी-7 देशों के नेताओं के साथ डिजिटल तरीके से बैठक शुरू की। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि यूक्रेन में एक सैन्य अभियान शुरू करने का उनका कदम पड़ोसी देश से उत्पन्न खतरों के जवाब में उठाया गया है। पुतिन ने अन्य देशों को भी चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने रूसी सैन्य अभियान में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया तो वे ''ऐसे परिणाम देखेंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखे।'' व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया, ''जी-7 नेताओं की बैठक शुरू हो गई है। राष्ट्रपति बाइडन और अन्य नेता यूक्रेन पर राष्ट्रपति पुतिन के बिना किसी उकसावे और अनुचित हमले के लिए अपनी एकजुट प्रतिक्रिया पर चर्चा कर रहे हैं।'' जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का एक अनौपचारिक समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

व्हाइट हाउस के एक अन्य अधिकारी के अनुसार, इससे पहले राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन में नवीनतम घटनाओं पर चर्चा करने के लिए 'सिचुएशन रूम' में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई।

# यूरोपीय संघ का बड़ा एक्शन, रूस के 351 सांसदों पर लगाया प्रतिबंध

यूरोप। यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए प्रतिबंधों की 'पहली किश्त' में 351 सांसदो और 27 हाई प्रोफाइल लोग व संस्थाओं पर बैन लगा दिया हैं। इन हाई प्रोफाइल लोगों में कई अधिकारी व अरबपति शामिल हैं। यूरोपीय संघ के 27 देशों में इनसे जुड़ी संपत्तियां अब कभी भी जब्त की जा सकती है। इस सूची में वे लोग शामिल किए गए हैं, जो यूक्रेन के अलगाववादी हिस्सों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के पक्ष में मतदान के जरिये या किसी दूसरे रूप से जुड़े रहे।



ये लोग अब यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा भी नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा जो वहां पहले से मौजूद हैं उन्हें कभी भी देश छोड़ने के लिए कहा जा सकता है। वहीं, यूरोपीय संघ के नेताओं ने गुरुवार शाम को आपातकालीन शिखर सम्मेलन करने की योजना बनाई है। वहीं, बुधवार को अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि अगर रूस यूक्रेन पर आक्रमण करता है, तो कम से कम 50 लाख विस्थापित हो सकते हैं।

विश्व निकाय में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अगर रूस हमले का रास्ता अपनाता है हमारे अनुमान के अनुसार, एक नया शरणार्थी संकट पैदा कर सकता है, जो दुनिया का आज तक का सबसे बड़ा विस्थापन होगा।

# चीन की नई करतूत 8 बच्चों की मां को जंजीरों से बांध ठंडे शेड में किया बंद, जांच में हुई पुष्टि

ताइपेः मानवाधिकार हनन को लेकर चीन की नई करतूत सामने आई है। चीन का एक ऐसा खौफनाक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर लोगों का खून खौल रहा। वीडियो में एक महिला दिखाई दे रही, जिसे जंजीरों से बांध कर किसी ठंडे शेड में बंद कर रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ये महिला 8 बच्चों की मां है। महिला के गर्दन पर लोह के चेन बंधे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद कम्युनिस्ट देश चीन में आक्रोश फैल गया है। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक चीन की वेबसाइट ने इस महिला की कहानी दुनिया के सामने लाई है। ये वीडियो सबसे पहले टिकटॉक पर सामने आया था। चीन के अधिकारियों ने लुनार नववर्ष के अवकाश से पहले सामने आए वीडियो में जंजीर से बंधी महिला का मामला तस्करी से जुड़े होने की पुष्टि की है। प्रांतीय स्तर पर हुई जांच के बाद इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है जबकि कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े निचले स्तर के आठ पदाधिकारियों को हटाया गया है। जंजीर से बंधी महिला का वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में राष्ट्रीय स्तर पर लोगों का गुस्सा सामने आया था। गरीब ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक मदद जुटाने वाले एक ब्लॉगर द्वारा बनाया गया एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला को छोटे से शेड में जंजीर से बांधकर रखा गया था।



ब्लॉगर ने दावा किया था कि पीड़िता आठ बच्चों की मां है। अधिकारियों ने बुधवार को महिला की पहचान की पुष्टि की और बताया कि वह युन्नान प्रांत के एक गांव की रहने वाली है, ना कि शिचुआन की। शुरुआत में इस तरह के कयास लगाए गए थे कि जंजीर में बांधकर रखी गई महिला को कई बार अवैध रूप से एक जगह से दूसरी जगह भेजा गया था। जियांग्सु के अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में मंगलवार को एक महिला और उसके पति को गिरफ्तार किया गया जोकि पूर्व में भी लड़कियों की तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं।

# चीन ने की यूक्रेन मुद्दे से जुड़े सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील

बीजिंग/संयुक्त राष्ट्र। रूस के निकट सहयोगी चीन ने यूक्रेन मुद्दे से संबद्ध सभी पक्षों से संयम बरतने तथा और तनाव बढ़ाने वाला कोई भी कदम उठाने से परहेज करने की अपील की है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि क्या संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जून ने यह बयान रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा के बाद दिया है। चीन की सरकारी संवाद समिति शिन्हुआ ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि झांग ने यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 76 वें सत्र में पूर्ण बैठक में कहा, '' वर्तमान परिदृश्य में सभी संबंधित पक्षों को संयम बरतना चाहिए तथा ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे तनाव और बढ़े।



टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में सैन्य अभियान चलाने का रूस का कदम उस देश से उत्पन्न खतरे के मद्देनजर उठाया गया है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि यदि वे रूस की कार्रवाई में दखल देते हैं तो उन्हें 'ऐसे परिणाम भुगतने होंगे, जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे। शिन्हुआ के अनुसार झांग ने कहा, '' चीन यूक्रेन में उभरती स्थिति पर ध्यान दिये हुए है। सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा पर चीन का रूख निरंतर एक-सा रहा है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों को संयुक्त रूप से अक्षुण्ण रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि यूक्रेन के मुद्दे की जड़ें ऐतिहासिक एवं वर्तमान कारकों में समायी हुई हैं । उन कारकों की परस्पर क्रिया से स्थिति यहां तक पहुंची है।

वर्तमान परिदृश्य में सभी संबंधित पक्षों को संयम बरतना चाहिए और कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे और तनाव बढ़े। झांग ने कहा, '' हम राजनयिक समाधान ढूढने में जुटे सभी पक्षों का स्वागत एवं उत्साहवर्धन करते हैं चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने बीजिंग में मीडिया ब्रीफिंग में कहा, '' वर्तमान परिस्थिति में यूक्रेन मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा, '' अमेरिका को यूक्रेन मुद्दों एवं रूस के साथ संबंधों को निपटने के दौरान चीन एवं अन्य देशों के वैध अधिकारों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। उन्होंने रूस के विरूद्ध अमेरिका की पाबंदियों की निंदा की और कहा , '' प्रतिबंध समस्याओं के समाधान के कभी मौलिक रूप से कारगर तरीके नहीं हैं और चीन हमशा एकतरफा पाबंदियों का विरोध करता है।

# रूसी गोलाबारी में 7 लोग मारे गए और 9 घायल

## यूक्रेन बोला- हम सरेंडर नहीं करेंगे, ये लड़ाई हम ही जीतेंगे

रूस। रूसी सैनिकों ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर हमला कर दिया है। अल-सुबह कीव, खार्कीव, ओडेसा एवं यूक्रेन के अन्य शहरों में बड़े धमाकों की आवाज सुनी गई। यूक्रेन ने दावा किया है कि, रूसी गोलाबारी में कम से कम 7 लोग मारे गए हैं और 9 अन्य घायल हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार मरियुपोल शहर में टैंक देखे गए हैं। साथ ही एयरपोर्ट भी हमला किया गया है। यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट-जनरल वालेरी ज़ालुज़नी ने कहा कि, हम अपनी जमीन पर हैं और आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। हम ये लड़ाई जीतेंगे।



रूसी युद्धक विमान को मार गिराने के दावों को किया खारिज

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस के हमलों ने यूक्रेन की सेना के हवाई रक्षा संपत्तियों को नष्ट कर दिया है, साथ ही यूक्रेन के सैन्य ठिकानों के बुनियादी ढांचों को नेस्तनाबूद कर दिया है। मंत्रालय ने यूक्रेन से गुजर रहे एक रूसी युद्धक विमान को मार गिराने के दावों को भी खारिज कर दिया। इस बीच, यूक्रेन की सेना ने कहा कि उसने रूस के पांच विमानों को मार गिराया है।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने उनके देश पर रूसी हमले को आक्रामकता का युद्ध की संज्ञा दी है और दुनियाभर के देशों से रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाकर उसे अलग थलग कर देने की अपील की है। कुलेबा ने ट्वीट कर कहा, रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है जिसके कारण शांत यूक्रेनी शहरों पर हवाई हमले शुरू हो गये हैं। यह आक्रामकता का युद्ध है और यूक्रेन इस हमले से न केवल निपटेगा बल्कि जीतेगा भी।

बतातें चलें कि, गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में सैन्य अभियान की घोषणा की है। रूस के इस कदम की अंततराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की जा रही है। यूरोपीय संघ ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के रूस पर व्यापक और गंभीर परिणाम होंगे और जल्द ही उस पर अधिक प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। लेकिन इस हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा एवं प्रतिबंधों को नजरंदाज करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अन्य देशों को चेतावनी दी कि रूसी कार्रवाई में किसी प्रकार के हस्तक्षेप के प्रयास ''के ऐसे परिणाम होंगे,जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखे होंगे।

# सुपरटेक ट्विन टॉवर को गिराने की प्रक्रिया शुरू

## थ्री डी ब्लास्ट डिजाइन पर आज सीबीआरआइ दे सकती रिपोर्ट

नोएडा।

सेक्टर-93 ए स्थित एमराल्ड कोर्ट के ट्विन टावर (एपेक्स-सियान) का ध्वस्तीकरण करने से पहले एफडिस कंपनी की दक्षिण अफ्रीका से आने वाली विशेषज्ञ टीम अपार्टमेंट आनर्स एसोसिएशन (एओए) के साथ रणनीति पर चर्चा करेगी।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट सोसायटी सेक्टर-93 ए में ट्विन टावर को अवैध करार दिए जा चुका है। ट्विन टावर (एपेक्स-सियान) ध्वस्त करने की तैयारियां जोरों पर जारी है। अब केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआइ) से थ्री डी ब्लास्ट डिजाइन पर मिलने वाली मंजूरी का इंतजार है। ब्लास्ट डिजाइन ड्राफ्ट मंजूरी मिलने के बाद एजेंसी विस्फोटक खरीदने की प्रक्रिया शुरू करेगी।



वहीं दूसरी तरफ मौके पर ट्विन टावर में कंक्रीट का स्ट्रक्चर छोड़कर बाकी ईंट, ग्रिल, खिड़की-दरवाजे का फ्रेम निकालने के लिए तोड़फोड़ जारी है। टावर तोड़ने का काम पाने वाली एडफिस ने 200 से ज्यादा कामगार व इंजीनियर लगाए हैं। मंगलवार को एडफिस की तकनीकी टीम की ओर से थ्री डी ब्लास्ट डिजाइन का ड्राफ्ट सौंपा था, जिसकी रिपोर्ट सीबीआरआइ से गुरुवार को आने की संभावना है।

- ट्विन टावर को ध्वस्त करने करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। टावर तोड़ने का काम पाने वाली एडफिस ने साइट पर 200 से ज्यादा कामगार व इंजीनियर लगाए हैं। अब सीबीआरआइ से थ्री डी ब्लास्ट डिजाइन पर मंजूरी मिलने का इंतजार है।

इसके बाद ही आगे की रणनीति पर कार्य होगा।

**साइट पर बढ़ाई गई है कामगारों की संख्या**

सुपरटेक ट्विन टावर (एपेक्स सियान) के ध्वस्तीकरण को लेकर लगातार एडफिस की साइट पर कामगारों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। कुछ छोटी-छोटी चीजों को तोड़ कर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टावर तोड़ने का काम पाने वाली एडफिस ने साइट पर 200 से ज्यादा कामगार व इंजीनियर लगाए हैं।

# दिल्ली की समस्याओं को लेकर केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप पुरी से मिले बिधूड़ी

### ज़्श्री पुरी ने सकारात्मक रुख के साथ दोहराई दिल्ली को सुविधाएं देने की बचनबद्धता

नई दिल्ली।

केंन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप पुरी ने दिल्ली की समस्याओं को हल कराने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह आश्वासन दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को उस समय दिया जब वह आज उनसे मिलने के लिए गए। बिधूड़ी ने श्री पुरी को दिल्ली के प्रति केंद्र सरकार के सकारात्मक रुख के लिए धन्यवाद दिया।



बिधूड़ी ने श्री हरदीप पुरी को धन्यवाद दिया कि बदरपुर में 885 एकड़ भूमि पर दिल्ली की लाइफ लाइन बनने जा रहे विश्व के सबसे बड़े इको पार्क का निर्माण चल रहा है। इसके अलावा एक दर्जन डायवरसिटी पार्क भी दिल्ली में बनाए जा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के विकास कार्यों जैसे वसंत कुंज और नरेला में फ्लाई ओवर के निर्माण और अनेक कम्युनिटी सेंटर और पार्क बनाए जाने के लिए भी श्री पुरी का आभार व्यक्त किया। दिल्ली में यमुना की सुध लेकर उसके किनारों के सौंदर्यीकरण का निर्माण भी केंद्र सरकार ही करा रही है। दिल्ली की कॉलोनियों के मालिकाना हक और 'जहां झुग्गी वहीं मकान' योजना में लाई गई तेजी के लिए भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि श्री पुरी ने दिल्ली की 100 से अधिक कॉलोनियों और दर्जनों गांवों को ओ जोन से निकालने का भी आश्वासन दिया है। इसके अलावा बिधूड़ी ने अनुरोध किया ग्राम सभा की जमीनों का उपयोग केवल गांव वालों के लिए विकास कार्यों हेतु ही किया जाए और उनके लिए स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बारात घर और पार्क इत्यादि बनाए जाएं। बिधूड़ी ने बताया कि श्री पुरी ने दिल्ली को सुविधाएं प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार की वचनबद्धता को फिर दोहराया।

## आरडीएक्स बरामद कर दिल्ली को दहलाने की साजिश को कई बार किया नाकाम: पुलिस आयुक्त

नई दिल्ली। जयसिंह रोड स्थित दिल्ली पुलिस के मुख्यालय के ऑडिटोरिय में बृहस्पतिवार को पुलिस की वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस हुई। इसमें



पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना वर्ष 2021 का लेखा जोखा पेश करेंगे। दिल्ली पुलिस आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है। भविष्य में आने वाली परेशानियों से निपटने के लिए पुलिस खुद को तैयार कर रही है।

इसके लिए एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी दिल्ली में कोई आतंकी घटना नहीं हुई है और आतंकी संगठनों व स्लीपर सेल की धरपकड़ का सिलसिला जारी है। दिल्ली पुलिस की सूझबूझ और मुस्तैदी से आरडीएक्स बरामद कर राजधानी को दहलाने वाली कोशिशों को नाकाम किया गया है।

## जल्दी कीजिए कहीं खत्म न हो जाए दिल्ली में सस्ती शराब का आफर, एक बोतल खरीदने पर दूसरी मिलेगी मुफ्त

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं और शराब पीने के शौकीन



हैं तो यह खबर जरूर पढ़ें, क्योंकि ऐसा शानदार आफर फिर शायद ही कभी मिलेगा। एक बोतल खरीदने पर दूसरी बोतल फ्री और एक पेटी खरीदने पर दूसरी पेटी फ्री का आफर दिल्ली में शराब की दुकानों पर काफी दिनों से चल रहा है। इसके मार्च अंत तक चलने की उम्मीद है, लेकिन सस्ती शराब का यह आकर्षक आफर कब तक चलेगा? इसका फैसला शराब के स्टाक पर होगा है। शराब की दुकानों पर मौजूद स्टाक के खत्म होने के साथ ही आफर खत्म हो जाएगा।

वहीं, दिल्ली की शराब की दुकानो पर जारी इस लुभावने आफर को भुनाने वालों में सिर्फ दिल्ली ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा के भी लोग हैं, जो आसपास के शहरों में रहते हैं। दरअसल, शराब के साथ ही बीयर भी 30 प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। जो बीयर 125 रुपये की थी जो अब 95 रुपये की हो गई है। इसी तरह जो बीयर पहले 150 की बोतल थी, यह अब 130 की हो गई है। बडवाइजर ब्रांड की बीयर भी 140 से घटकर 130 की हो गई है और हेवर्ड-5000 भी 140 से घटकर 130 की हो गई है। दिल्ली में बीयर के 50-60 के करीब ब्रांड हैं, मगर बाजार में इन्हीं ब्रांड का दबदबा है। इसी तरह शराब का पापुलर ब्रांड टीचर्स पर 120 रुपये कम हो गए हैं। यह पहले 1560 रुपये की थी जो अब घटकर 1440 की रह गई है। वहीं शराब के अन्य ब्रांड पांच से लेकर सात प्रतिशत महंगे हुए हैं। फिलहाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति की वजह से कई शराब की दुकानों पर एक बोतल की खरीद पर दूसरी बोतल मुफ्त है, जबकि कुछ जगहों पर एक पेटी खरीदने पर दूसरी पेटी फ्री मिल रही है।

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार की नई नीति के तहत शहर में कुल 849 दुकानें खोलने की अनुमति मिली है। वहीं, 564 दुकानें पहले ही खुल चुकी हैं और बाकी बचीं 134 दुकानें जल्द ही खुल जाएंगी। शराब सस्ती करने के पीछे वजह यह है कि शराब की दुकानों को मार्च के अंत तक अपना स्टाक खत्म करना होगा, क्योंकि नए वित्त वर्ष में लाइसेंस का नवीनीकरण होगा। ऐसे में दिल्ली में शराब की दुकानों के नए वित्त वर्ष में लाइसेंस का नवीनीकरण को लेकर दुकानदार अपने स्टाक पर भारी डिस्काउंट और बेहद आकर्षक आफर दे रहे हैं। आलम यह है कि शाहदरा और मयूर विहार के अलावा, जहांगीरपुरी सहित दिल्ली के कई इलाकों में शराब की दुकानों ने कुछ ब्रांड पर 35 प्रतिशत तक की छूट दी गई है।

दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति के तहत शराब की कीमत की अधिकतम सीमा तय है। ऐसे में ठेकों को इससे कम पर ही शराब बेचनी है, ज्यादा पर नहीं बेच सकते हैं। ऐसे में दुकानों पर कम से कम कीतम पर शराब बेची जा रही है वह कई आकर्षक आफर के साथ।

# रूस–यूक्रेन में युद्ध से व्यापारियों को सता रहा है महंगाई का डर :परमजीत सिंह पम्मा

### यूक्रेन में शिक्षा प्राप्त करने गए छात्रों को तुरंत भारत वापस लाया जाए : पम्मा

नई दिल्ली। लगातार मंदी के दौर से गुजर रहे व्यापारियों को अब और डर सताने लग गया है जिस प्रकार रूस-यूक्रेन के युद्ध शुरू होने से बाजार सूने पड़ गए हैं फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि रूस-यूक्रेन के युद्ध व्यापारियों में महंगाई को लेकर काफी चिंता है क्योंकि एक तरफ तो मार्केट में काम का नहीं है दूसरी ओर पेट्रोल गैस व अन्य वस्तु के दाम बढ़ने की आशंकाएं से व्यापार जगत बिल्कुल थम सा गया है और लोगों में भय की स्थिति भी बनी हुई है।

परमजीत सिंह पम्मा ने कहा सरकार पेट्रोल डीजल के दाम ना बढ़ाए बल्कि उन पर टैक्स में रियायत दे ताकि आम आदमी को अधिक महगाई का सामना न करना पड़े।

परमजीत सिंह पम्मा ने सरकार से मांग की यूक्रेन में शिक्षा प्राप्त करने गए छात्रों को तुरंत भारत वापस लाया जाए।

# दिल्ली के सरकारी स्कूल में हिजाब उतरवाने के आरोप पर मनीष सिसोदिया ने दी ये प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। दिल्ली में सरकारी स्कूल की एक छात्रा द्वारा हिजाब उतारने को कहे जाने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। कुछ लोग इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। सिसोदिया ने पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में





कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सभी परंपराओं का सम्मान करती है और उसके स्कूलों में सभी धर्मों और जातियों के विद्यार्थियों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाता है। गौरतलब है कि मुस्तफाबाद स्थित दिल्ली सरकार के स्कूल की एक नाबालिग छात्रा ने आरोप लगाया था कि उसे स्कूल में एक शिक्षक द्वारा हिजाब हटाने के लिए कहा गया था। इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में लड़की को यह आरोप लगाते सुना जा सकता है।

# मौसम विभाग ने बारिश के मद्देनजर जारी किया यलो अलर्ट

नई दिल्ली। पहाड़ों पर जारी बर्फबारी से बेअसर दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज सुहाना बना हुआ है। ठंड में लगातार कमी आ रही है। बृहस्पतिवार सुबह भी अन्य दिनों की तुलना में ठंड बेहद कम रही, लोग शर्ट और टीशर्ट में दफ्तर और काम के लिए घरों से निकले। इस बीच धूप के निकलने के साथ ही ठंड में और कमी और गर्मी में इजाफा होने लगा है। उधर, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, बुधवार की तरह बृहस्पतिवार को भी दिल्ली-एनसीआर के आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बृहस्तिवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तो अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। इस बीच एक और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में भी 25 और 26 फरवरी को हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के चलते 26 फरवरी के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।



दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार और शनिवार को बारिश होने के आसार हैं। वहीं मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण दिल्ली के मौसम में भी उतार चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं।

**कोहरे ने किया हल्का परेशान**

दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार सुबह कई इलाकों में ठीकठाक कोहरा नजर आया। गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, रेवाड़ी, गुरुग्राम, हापुड़ और फरीदाबाद के अलावा पश्चिमी दिल्ली में कोहरे ने लोगों को हल्का सा परेशान किया। कोहरे के कारण कुछ इलाकों विजिबिलिटी कमी रही, जिससे वाहन चालका फाग लाइट जलाने के लिए मजबूर हुए।

इससे पहले बुधवार को दिन भर ठंडी हवा चलती रही तो आंशिक रूप से छाए बादलों के साथ सूरज ने भी लुकाछिपी खेली। न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक दर्ज हुआ। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 24.8 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 15.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। हवा में नमी का स्तर 58 से 87 प्रतिशत रहा। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस नजफगढ़ में और सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस पीतमपुरा में रिकार्ड किया गया।

# लोगों का सफर आसान बनाएगा दिल्ली मेट्रो का नया ऐप

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपनी वेबसाइट को यात्रियों के लिए और अधिक जानकारीयुक्त बनाने के साथ ही एक मोबाइल ऐप भी लांच किया है, जो स्वागतयोग्य है। वेबसाइट और ऐप पर अब यात्रियों के लिए मेट्रो रूट का पूरा नक्शा उपलब्ध होगा, जिसके जरिये वे अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं। इसके जरिये यात्रा में लगने वाला समय और किराया भी आसानी से जाना जा सकता है। किसी मेट्रो लाइन पर पड़ने वाले स्टेशनों में कौन सा बंद है या लाइन पर सेवा में कोई रुकावट है, इसकी भी रीयल टाइम जानकारी मोबाइल ऐप के जरिये हासिल की जा सकती है।



मोबाइल फोन ऐप के जरिये मेट्रो यात्री यह भी जान सकते हैं कि किसी स्थान के सबसे करीब कौन सा मेट्रो स्टेशन है, साथ ही उन्हें यात्रा करने के दौरान इसपर अगले मेट्रो स्टेशन का अलर्ट भी मिलेगा। यही नहीं, इससे बाहर से आए यात्री दिल्ली में घूमने के स्थानों की जानकारी भी हासिल कर सकते हैं।


डीएमआरसी का वेबसाइट में सुधार करना और नया ऐप लांच करना मेट्रो को यात्रियों के लिए और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि यात्री इस वेबसाइट और एप का इस्तेमाल कर अपनी मेट्रो यात्रा को और सुखद बनाएंगे।

मेट्रो प्रबंधन यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाएगा तो निश्चित तौर पर अधिकाधिक लोगों का मेट्रो के प्रति आकर्षण बढ़ेगा, जो राजधानी दिल्ली के लिए लाभदायक साबित होगा। इससे यदि लोग अपने निजी वाहन छोड़कर मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं तो सड़कों पर वाहनों का दबाव घटेगा और सड़कों पर यातायात जाम से निजात मिलने के साथ ही वायु प्रदूषण का स्तर घटाने में भी मदद मिलेगी। मेट्रो प्रबंधन को चाहिए कि वह चौथे चरण की परियोजनाओं पर तेजी से काम कर उन्हें जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि इन नए रूटों पर भी लोगों का सफर सुविधाजनक हो सके।

## लाल किला मैदान में होगा फतेह दिवस कार्यक्रम, डीएसजीएमसी ने शुरू की तैयारी

नई दिल्ली।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएमजीसी) द्वारा छह व सात अप्रैल को लाल किला मैदान में फतेह दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। विशेष मार्च निकालने के साथ ही कीर्तन दरबार व खालसाई खेल गतका का आयोजन होगा। कमेटी के साथ शिक्षण संस्थानों को भी इस आयोजन में शामिल किया जाएगा। पूरे देश से संगत इसमें भाग लेंगे।कमेटी के पदाधिकारियों का कहना है कि सिखों द्वारा 1783 में



लाल किला फतेह की घटना का ऐतिहासिक महत्व है। यह देश को मुगलों से स्वतंत्र कराने की लड़ाई थी इसलिए इस स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। कमेटी द्वारा वर्ष 2014 से लाल किला पर फतेह दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने स्कूल स्टूडेंट्स को एनर्जी कंज़र्वेशन के बारे में जागरूक बनाने के लिए किया ऊर्जा मेला आयोजित

- 50 से अधिक स्कूलों ने कोविड–19 गाइडलाइन्स का पालन करते हुए, इवेंट में भाग लिया
- इवेंट का आयोजन कंपनी की सीएसआर पहल क्लब एनर्जी के तहत किया गया
- क्लब युवाओं को एनवायरनमेंट तथा एनर्जी कंज़र्वेशन के बारे में कंपनी के ब्रैंड मैस्कॅट 'रोशनी' के माध्यम से जागरूक बनाता है
- अब तक 10 लाख से अधिक स्कूटेंड्स को इस विषय में जागरूक किया गया

नॉर्थ दिल्ली।

नॉर्थ दिल्ली में 7 मिलियन की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी यूटिलिटी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने स्कूली छात्रों को एन्वायरनमेंट कंज़र्वेशन, क्लाइमेट चेंज, एयर पॉल्यूशन के बारे में जागरूक बनाने और रीनुएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के मकसद से अपने वार्षिक इवेंट - ऊर्जा मेला का आयोजन किया। ऊर्जा मेला का प्रमुख मकसद युवाओं को एन्वायरनमेंट के बारे में जागरूक बनाना तथा अभी से उन्हें अपने आसपास के वातावरण को लेकर जिम्मेदारी की भावना से भरना है।

ऊर्जा मेला में इस साल दिल्ली के 50 सरकारी तथा प्राइवेट स्कूलों ने भाग लिया। इस इवेंट के दौरान, कंपनी के रोहणी स्थित लर्निंग सेंटर में भारत सरकार द्वारा कोविड-19 संबंधी सुरक्षित व्यवहार के लिए जारी सभी कड़े मानकों का पालन किया गया। प्रोफे. (डॉ) रिहान ख़ान सूरी, प्रो वाइस चांसलर, दिल्ली स्किल एंड ऑन्ट्रप्रेन्योरशिप यूनीवर्सटी, दिल्ली सरकार इस इवेंट में मुख्य अतिथि थे।

इस साल इस समारोह में 100 से अधिक पुरस्कार दिए गए। उभरते ऑन्ट्रप्रेन्योर्स को पुरस्कृत करने के लिए एक नई कैटेगरी - 'शो योर ऑन्ट्रप्रेन्योरशिप स्किल्स' भी शुरू की गई। स्टूडेंट्स ने ऊर्जा मेले में एनर्जी कंज़र्वेशन, सेफ्टी, एयर पॉल्यूशन और क्लाइमेट चेंज जैसे संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण विषयों पर साइंस मॉडल्स, स्लोगन्स, ड्राइंग्स, पोस्टर्स आदि के ज़रिए अपनी जानकारी शेयर की। ऑन्ट्रप्रेन्योरशिप को एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में जोड़ा गया है क्योंकि इन लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए नवाचार आवश्यक है।

ऊर्जा मेले में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के क्लब एनर्जी प्रोग्राम से जुड़े हैं, जो उन्हें एनर्जी कंज़र्वेशन तथा नैचुरल रिसोर्सेज़ को कंज़र्व करने के बारे में समाज के स्तर पर बदलाव लाने संबंधी जानकारी देता है। यह क्लब युवाओं को इस संबंध में जागरूक बनाने के लिए महत्वपूर्ण नुस्खों, वर्कशॉप्स तथा नियमित आधार पर सेशंस आदि भी आयोजित करता है और कंपनी के ब्रैंड मैस्कट 'रोशनी' के माध्यम से काफी रोचक तरीके से उन्हें जानकारी देता है।

इवेंट के दौरान स्टूडेंट्स और टीचर्स को संबोधित करते हुए श्री गणेश श्रीनिवासन, सीईओ, टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने कहा, ''युवा वर्ग ही सस्टेनेबल भविष्य की मशाल हैं, और ऐसे में उन्हें कम उम्र से ही इस बारे में समझ प्रदान कर ज़िम्मेदार नागरिक बनने में मदद दी जा सकती है। ऊर्जा मेला वास्तव में, एनर्जी कंज़र्वेशन के लिए उनके द्वारा किए जा रहे इनोवेशन का उत्सव है। ऊर्जा मेला समय की आवश्यकता भी है क्योंकि नैचुरल रिसोर्सेज़ पर बढ़ते दबावों के मद्देनज़र, ऊर्जा का संरक्षण और जलवायु परिवर्तन घटाने की दिशा में प्रयास करना जरूरी है।

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने 2004 में कुछ स्कूलों के साथ मिलकर क्लब एनर्जी प्रोग्राम लॉन्च किया गया था, और आज दिल्ली के 370 सरकारी तथा प्राइवेट स्कूल इससे जुड़े हैं। इस पहल के जरिए, कंपनी अब तक 10 लाख से ज्यादा स्कूली स्टूडेंट्स को जागरूक बना चुकी है।

**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के बारे में:**

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड प्रमुख डिस्कॉम है जो इंफॉरमेशन एवं ऑपरेशनल टैक्नोलॉजी सेवाओं की मदद से, नॉर्थ दिल्ली में करीब 70 लाख की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। है। टाटा ग्रुप के अपने आसपास की कम्युनिटीज़ के जीवन की क्वालिटी बेहतर बनाने के लक्ष्य के अनुसार, कंपनी झुग्गी झोंपड़ी कालोनियों के निवासियों का जीवनस्तर सुधारने लिए लगातार काम कर रही है। कंपनी अपने एफरमेटिव प्रोग्राम के तहत्, अपने डिस्ट्रिब्यूशन एरिया के अंतर्गत 220+ जेजे कालोनियों, पुनर्वास कालोनियों एवं गांवों में, 350 महिला साक्षरता केंद्रों, 20 वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर्स एवं ट्यूटोरियल क्लासेज़, स्पेशली एबल्ड बच्चों के लिए 1 केंद्र, स्कूलों एवं झुग्गी बस्तियों में लोगों के लिए पीने का सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने के लिए 90+ आरओ वॉटर प्लांट्स, 6 मोबाइल डिस्पेन्सरियों, रक्तदान शिविरों, अनुसूचित जातियों एवं जनतातियों के लोगों को सहयोग प्रदान करती आ रही है। इन प्रोग्रामों से 10 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचा है। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड को उसके भरोसेमंद कॉर्पोरेट व्यवहार एवं समाज के कमजोर तबके के लिए उल्लेखनीय कार्यों के बदले अनेक नेशनल एवं इंटरनेशनल अवार्ड्स प्रदान किए गए हैं।

# सम्पादकीय

## जमानत बनाम सियासत

लखीमपुर खीरी मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली जमानत को लेकर स्वाभाविक ही एतराज जताए जा रहे हैं। अब उस फैसले को पीड़ित परिवारों की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। इस तरह एक बार फिर उत्तर प्रदेश प्रशासन के पक्षपातपूर्ण रवैए पर अंगुलियां उठने लगी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष की गई अपील में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील करने में विफल रही है, इसलिए मजबूरन पीड़ित परिवारों को यह कदम उठाना पड़ा है।

अपील में यह भी कहा गया है कि पुलिस ने मामले से संबंधित सभी सबूत ठीक से पेश नहीं किए। गवाहों और सबूतों के साथ छेड़छाड़ को लेकर भी उसमें आशंका जताई गई है। अपील में यह भी कहा गया है कि बड़े सबूतों पर उच्च न्यायालय में विचार नहीं किया जा सका। लखीमपुर खीरी मामला किसी से छिपा नहीं है, जिसमें आंदोलन कर रहे किसानों को गाड़ी से कुचल दिया गया था।



लगातार विरोध प्रदर्शनों के बाद घटना के करीब हफ्ते भर बाद आशीष मिश्रा को गिरफ्तार किया जा सका। उसके बाद भी उत्तर प्रदेश पुलिस मामले की जांच में लगातार कोताही बरत रही थी। तब सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष जांच दल को दिशा-निर्देश देकर जांच में तेजी लाने को कहा था। उस समिति ने करीब पांच हजार पन्नों की रिपोर्ट पेश की थी।

लखीमपुर खीरी मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली जमानत को लेकर स्वाभाविक ही एतराज जताए जा रहे हैं। अब उस फैसले को पीड़ित परिवारों की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। इस तरह एक बार फिर उत्तर प्रदेश प्रशासन के पक्षपातपूर्ण रवैए पर अंगुलियां उठने लगी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष की गई अपील में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील करने में विफल रही है, इसलिए मजबूरन पीड़ित परिवारों को यह कदम उठाना पड़ा है।

अपील में यह भी कहा गया है कि पुलिस ने मामले से संबंधित सभी सबूत ठीक से पेश नहीं किए। गवाहों और सबूतों के साथ छेड़छाड़ को लेकर भी उसमें आशंका जताई गई है। अपील में यह भी कहा गया है कि बड़े सबूतों पर उच्च न्यायालय में विचार नहीं किया जा सका। लखीमपुर खीरी मामला किसी से छिपा नहीं है, जिसमें आंदोलन कर रहे किसानों को गाड़ी से कुचल दिया गया था। लगातार विरोध प्रदर्शनों के बाद घटना के करीब हफ्ते भर बाद आशीष मिश्रा को गिरफ्तार किया जा सका। उसके बाद भी उत्तर प्रदेश पुलिस मामले की जांच में लगातार कोताही बरत रही थी। तब सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष जांच दल को दिशा-निर्देश देकर जांच में तेजी लाने को कहा था। उस समिति ने करीब पांच हजार पन्नों की रिपोर्ट पेश की थी।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के ताजा फैसले पर इसलिए भी लोगों को हैरानी हो रही है कि जब विशेष जांच दल ने रिपोर्ट पेश की थी, तो उसके साथ उत्तर प्रदेश पुलिस को कुछ सख्त हिदायतें भी दी थीं, जिनमें उसने प्रथम सूचना रिपोर्ट में बदलाव करके आशीष मिश्रा के खिलाफ कत्ल का मामला दर्ज करने को कहा था। प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों के बयान और मौके पर मिले सबूतों के आधार पर ऐसा करने को कहा गया था। इससे लोगों को मामले में निष्पक्ष न्याय मिलने की कुछ उम्मीद जगी थी।

मगर आशीष मिश्रा को चार महीने के भीतर जमानत मिल गई। आशीष मिश्रा के पिता केंद्र में गृह राज्यमंत्री हैं। देश भर की पुलिस उनके मातहत काम करती है। इसलिए पुलिस उनके प्रभाव में नहीं आएगी, इसका भरोसा शुरू से किसी को नहीं है। इसीलिए किसान नेता मांग करते आ रहे हैं कि उन्हें मंत्री पद से हटाया जाना चाहिए, नहीं तो जांच और अदालत में पेश किए जाने वाले सबूतों में निष्पक्षता नहीं आ सकती। मगर वे आज तक अपने पद पर बने हुए हैं।

विशेष जांच दल ने आशीष मिश्रा को साजिशन किसानों पर गाड़ी चढ़ाने का दोषी माना था। इसलिए भी किसान नेता और दूसरे लोग उसमें गृह राज्यमंत्री की संलिप्तता भी बता रहे हैं, क्योंकि घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने सार्वजनिक रूप से आंदोलनकारी किसानों को धमकी दी थी। बेशक गृह राज्यमंत्री की उसमें संलिप्तता न हो, पर उनका बेटा जब मुख्य आरोपी करार दिया गया है, तो उनका नैतिक कर्तव्य बनता है कि वे जांच को निष्पक्ष बनाने के लिए अपने पद से खुद त्यागपत्र दे देते।

हर चीज को अदालत के फैसले पर नहीं छोड़ा जा सकता। लोकतंत्र में मंत्री जैसे पद की जिम्मेदारी निभा रहे व्यक्ति के लिए नैतिकता बहुत मायने रखती है। अदालत में तो तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करके फैसले अपने पक्ष में लाए जा सकते हैं। रसूखदार लोगों के मामले में ऐसे फैसले प्रायः देखे जाते हैं। इस तरह न्याय प्रक्रिया भी प्रश्नांकित होती है।

# तेल की धार



वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के लगातार बढ़ते दाम नए संकट का संकेत दे रहे हैं। सबसे बड़ा संकट तो यही कि कच्चा तेल महंगा होने से घरेलू बाजार में भी पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ेंगे। इससे महंगाई और बढ़ेगी और इसकी सीधी मार आम आदमी पर ही पड़ेगी। यों कच्चे तेल में तेजी पिछले कई महीनों से बनी हुई है, पर अब रूस-यूक्रेन विवाद ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस वक्त कच्चा तेल अट्ठानबे डालर प्रति बैरल तक आ गया है।

यह पिछले आठ साल में सबसे ज्यादा है। इस बात की भी आशंका है कि अगले कुछ महीनों में यह एक सौ बीस डालर तक भी जा सकता है। ऐसे में अभी यह पाना कठिन है कि आगे क्या होगा। और फिर सवाल कीमत तक ही सीमित नहीं है, कच्चे तेल की आपूर्ति की समस्या गहराने का भी डर बना हुआ है। ऐसे में घरेलू तेल कंपनियां क्या कदम उठाती हैं, यह देखने की बात है। पर जैसे अनिश्चितता भरे हालात बन गए हैं, उससे सरकार और तेल कंपनियों के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं।

गौरतलब है कि तीन-चार महीने पहले तक कच्चा तेल अस्सी-पिच्यासी डालर प्रति बैरल के बीच बना हुआ था। हालांकि तब भी यह कम नहीं था। दाम तो काफी समय से बढ़ ही रहे थे। लेकिन भारत में तेल कंपनियों ने पिछले साल दो नवंबर के बाद से पेट्रोल और डीजल के दाम अभी तक नहीं बढ़ाए हैं। जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल बयासी डालर से बढ़ कर सौ डालर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। हालांकि दाम नहीं बढ़ाने के पीछे तेल कंपनियों का मकसद लोगों को राहत देना नहीं रहा होगा, बल्कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर रणनीति के तहत ही ऐसा किया होगा।

वरना पहले तो तेल कंपनियां लगातार दाम बढ़ाए ही जा रही थीं। पिछले साल कई महीनों तक पेट्रोल और डीजल सौ रुपए लीटर से ऊपर ही बिके। इसलिए अब तेल कंपनियों के सामने मुश्किल यह होगी कि वे घरेलू बाजार में दाम और आपूर्ति के संकट से कैसे निपटें। सरकार के सामने संकट महंगाई थामने का होगा। कच्चे तेल का असर खुदरा महंगाई पर तेजी से पड़ता है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते ही आम आदमी के रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली चीजें तुरंत महंगी हो जाती हैं। भारत में लोग लंबे समय से इसे भुगत ही रहे हैं।

आने वाले संकट से सरकार अनजान नहीं है। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कच्चे तेल के बढ़ते दाम को बड़ी चुनौती बताया है। कच्चा तेल महंगा होने से सरकार का आयात बिल बढ़ जाता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ता है। हालांकि जैसा सरकार का दावा है, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत स्थिति में है। पिछले दो सालों में सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर कर लगा कर अपना खजाना भरा ही है। लेकिन तेल कंपनियों ने अगर फिर से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने शुरू कर दिए, जिसकी प्रबल संभावना है, तो महंगाई थामना सरकार के बूते के बाहर हो जाएगा।

खुदरा महंगाई वैसे ही रिजर्व बैंक के निर्धारित दो से छह फीसद के दायरे के बाहर बनी हुई है। अगर रूस-यूक्रेन में जंग छिड़ गई तो आपूर्ति गड़बड़ा सकती है। फिर तेल उत्पादक देशों का संगठन भी उत्पादन नहीं बढ़ा रहा है। भारत साठ फीसद से ज्यादा तेल इराक और सऊदी अरब जैसे देशों से खरीदता है। ऐसे में घरेलू बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों के दामों को तार्किक स्तर पर रखते हुए लोगों को महंगाई की मार से कैसे बचाया जाए, सरकार को यह सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है भारत

वैसे डिजिटल इंडिया का विजन तो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में ही बना लिया था परंतु डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत 01 जुलाई 2015 को हुई थी। इन 7-8 वर्षों के दौरान भारत ने डिजिटलीकरण के क्षेत्र में अतुलनीय प्रगति की है एवं आज भारत में 83 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट एवं स्मार्ट फोन से जुड़े हुए हैं। इस प्रकार भारत ने एक नए डिजिटल युग में प्रवेश कर लिया है। शुरुआती दौर में जरूर कुछ समस्याएं रहीं जैसे तकनीकि से सम्बंधित, उच्च लागत से सम्बंधित, उपलब्धता (कनेक्टिविटी) से सम्बंधित, प्लेटफार्म से सम्बंधित, आदि। अब इन समस्याओं का हल निकाल लिया गया है एवं कम लागत पर इंटरनेट सुविधाओं की उपलब्धता भी बढ़ी है। भारत में अब तो सार्वजनिक अधोसंरचना विकसित कर ली गई है ताकि देश के सभी नागरिक इन सुविधाओं का लाभ ले सकें। यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, जिसके माध्यम से आज प्रतिदिन 100 करोड़ से अधिक बैंकिंग व्यवहार करने की ओर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सार्वजनिक प्लेटफार्म का सारे बैंकिंग संस्थान उपयोग कर रहे हैं। आधार कार्यक्रम की सफलता के बाद तो डिजिटल इंडिया एक नए दौर में चला गया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी डिजिटल इंडिया ने कमाल ही कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐप बनाए जाने पर विचार किया जा रहा है ताकि कोई भी व्यक्ति कहीं भी अपना इलाज आसानी से करा सके। इसके लिए भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। गावों में भी डिजिटल इंडिया पर कार्य किया जा रहा है। अब तो ड्रोन के लिए नए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग हो रहा है एवं ड्रोन के माध्यम से कृषि को किस प्रकार सहयोग किया जा सकता है इस पर भी कार्य हो रहा है। ड्रोन के माध्यम से बीजों का छिड़काव आदि कार्य किए जाने पर भी विचार किया जा रहा है।



**डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, परिवहन एवं बैंकिंग सेवाओं के क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आम लोगों की जिंदगी को किस प्रकार आसान बनाया जाय एवं दूर दराज इलाकों में रहने वाले व्यक्तियों को भी सभी प्रकार की सुविधाएं आसानी से मिल सकें इसलिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम चलाया गया है।**

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गत 1 फरवरी 2022 को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पेपरलेस यानी डिजिटल बजट भारतीय संसद में पेश किया। इस आम बजट के माध्यम से डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई बड़े कदमों का ऐलान किया गया है जिसमें डिजिटल बैंकिंग को लेकर किया गया एक बड़ा ऐलान भी शामिल है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकों की स्थापना करेंगे। इन 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां भी स्थापित की जाएंगी। साथ ही, 1.5 लाख डाकघरों में 100 फीसदी कोर बैंकिंग प्रणाली पर ले आया जाएगा। इससे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग एवं एटीएम के माध्यम से ग्राहकों को अपने खातों तक पहुंच मिल जाएगी। इस प्रकार वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आत्मनिर्भर डिजिटल इंडिया का डिजिटल बजट पेश किया गया है। आम बजट में सरकार का जोर साफ तौर पर डिजिटल अर्थव्यवस्था व उससे जुड़ी तमाम चीजों पर देखा जा सकता है। प्रत्येक गांव में एक ऐसा केंद्र विकसित किया जा रहा है जहां डिजिटल शिक्षा, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं एवं डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं एक साथ मिल सकें।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, परिवहन एवं बैंकिंग सेवाओं के क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आम लोगों की जिंदगी को किस प्रकार आसान बनाया जाय एवं दूर दराज इलाकों में रहने वाले व्यक्तियों को भी सभी प्रकार की सुविधाएं आसानी से मिल सकें इसलिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम चलाया गया है। आत्म निर्भर भारत भी डिजिटल इंडिया से ही बन सकता है। देश में शीघ्र ही 5जी की शुरुआत किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं इसके प्रारम्भ होने के साथ ही भारत एक नए युग में प्रवेश कर जाएगा। भारत में 6.50 लाख से अधिक गांव हैं एवं 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें हैं। आजादी के बाद से भी आज तक केवल 50,000 गावों में ही बैंकों की शाखाएं पहुंच पाई हैं। इस प्रकार पुराने तरीकों से तो गावों तक बैंकिंग एवं अन्य सुविधाएं पहुंचा नहीं पा रहीं हैं। इसलिए गावों में बैंकिंग एवं अन्य सुविधाएं पहुंचाने की दृष्टि से भी डिजिटल इंडिया का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। चूंकि दूर दराज इलाकों में निवास कर रहे ग्रामीणों को बैंकिंग एवं अन्य सेवाएं पहुंच नहीं पा रही थी अतः डिजिटल इंडिया में यूपीआई के माध्यम से अब इन घरों तक भी बैंकिंग एवं अन्य सुविधाएं पहुंचा दी गई हैं। इससे गावों में निवास कर रहे बुजुर्गों को भी बहुत सुविधा हुई हैं।

इसी तरह शिक्षा का क्षेत्र भी है जहां ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। कोरोना महामारी के दौरान तो इस कार्य के लिए डिजिटल इंडिया का भरपूर उपयोग किया गया। कोरोना महामारी के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में यदि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को नहीं अपनाया जाता तो केवल कल्पना ही की जा सकती है कि आज भारत में सारी शिक्षा व्यवस्था किस स्तर पर होती। अब तो केंद्र सरकार द्वारा एक चैनल एक क्लास को विकसित करने की बात वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत किए गए आम बजट में की गई है। यह विचार भी बहुत अच्छा है। इससे ग्रामीण इलाकों तक अच्छे शिक्षकों की पहुंच बनेगी एवं गावों में भी बच्चे उच्च एवं अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षकों की गुणवत्ता का लाभ ग्रामीण बच्चों को भी सही मात्रा में उपलब्ध कराया जा सकेगा। डिजिटल इंडिया के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को नई सोच दी गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के आम बजट में एक डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाए जाने की घोषणा भी की गई हैं।

इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी क्रांति लाई जा रही है। डॉक्टर अपनी विशिष्ट सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर रहे हैं इसे भी कोविड के समय पर सफलतापूर्वक चलाया गया है। ई-संजीवनी कार्यक्रम को चालू किया गया है जिसके अंतर्गत डॉक्टर ऑनलाइन मरीजों को देखकर अपनी राय दे सकते हैं। टेली मेडिसिन कार्यक्रम पर भी जोर दिया जा रहा है।

5जी की शुरुआत के साथ ही भारत एक नए युग में प्रवेश कर जाएगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5जी मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी होगी। इस तरह शीघ्र ही निजी दूरसंचार कम्पनियां देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत कर पाएंगी। 5जी सुविधा शुरू होने के बाद 5जी स्मार्ट फोन की कार्यक्षमता में अतुलनीय सुधार होगा। 5जी के आने से देश भर में इंटरनेट यूजर्स को हाई स्पीड नेट सर्फिंग की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। विडिओ स्ट्रीमिंग की गति को भी तेज किया जा सकेगा।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को एक और कदम आगे बढ़ाते हुए अब भारत अपनी डिजिटल करेन्सी बनाने जा रहा है। डिजिटल करेन्सी को लागू करने से फिजीकल करेन्सी की कम आवश्यकता होगी इससे देश को फिजीकल करेन्सी के प्रिंटिंग पर खर्च की जाने वाली भारी राशि की बचत होगी। पूरे विश्व के बड़े राष्ट्रों में भारत पहला राष्ट्र बनने जा रहा है जिसकी अपनी डिजिटल करेन्सी होगी। यह एक क्रांतिकारी सोच है। पोस्ट ऑफिस की समस्त शाखाओं को भी कोर बैंकिंग सोल्यूशन नामक डिजिटल प्लेटफोर्म पर लाया जा रहा है। इससे भी भारत में क्रांतिकारी परिवर्तन आएंगे। इससे पोस्ट ऑफिस की इन शाखाओं की ऋण प्रदान करने की क्षमता बढ़ेगी एवं ये शाखाएं ग्रामीण इलाकों में ऋण आसानी से प्रदान कर सकेंगीं।

ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे किसानों को कृषि सम्बंधी समस्त सुविधाएं डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई जाएंगी। फसल मूल्यांकन के साथ ही भूमि अभिलेखों को भी डिजिटल प्लेटफार्म पर लाया जा रहा है। खेती किसानी में ड्रोन का इस्तेमाल करने की ओर भी कार्य किया जा रहा है। इससे फसल मूल्यांकन, भूमि अभिलेख एवं कीटनाशकों के छिड़काव में बहुत मदद मिलेगी। डिजिटल इंडिया के माध्यम से किसानों को अपनी फसल अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने हेतु भी सक्षम बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार इस हेतु कई नए नए कदम उठा रही है इसका लाभ आने वाले समय में हर भारतीय किसान को मिलने लगेगा।

# देश की आंतरिक एवं सीमावर्ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए भारत में आज एक समावेशी सैन्य शिक्षा की आवश्यकता है

डा. अजय खेमरिया। पिछले बजट में केंद्र सरकार ने देश में सौ नए सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की थी। इसके लिए पीपीपी यानी निजी-सरकारी भागीदारी माडल के तहत सरकार ने इस साल 22 जनवरी तक राज्य सरकारों, ट्रस्टों एवं एनजीओ से आवेदन आमंत्रित किए थे। देश भर से मात्र 230 आवेदन इस प्रक्रिया के तहत प्राप्त हुए। ध्यान देने वाला पक्ष यह है कि 13 प्रांतों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने इसमें कोई रुचि प्रदर्शित नहीं की है। सवाल यह है कि नए सैनिक स्कूल खोलने की योजना पर देश में इतनी कमजोर प्रतिक्रिया क्यों दर्ज की गई है? केंद्र सरकार खुद अपने संसाधनों से देश के हर जिले में सैनिक स्कूल क्यों नहीं खोल सकती है? भले ही यह कार्य चरणबद्ध तरीके से ही किया जाए। पीपीपी मोड़ का विकल्प भी बेहतर है, लेकिन यह उतना व्यावहारिक नहीं है।

हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत को आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा के लिए खतरा अन्य राष्ट्रों की तुलना में अधिक है। देश की संपत्ति की सुरक्षा तक के लिए सरकारों को सार्वजनिक अपील करनी पड़ती है। जिस तरह से राष्ट्र दशकों से आतंकवाद के दंश को भोग रहा है वह हमारे नागरिकों की संलिप्तता के बिना संभव नहीं है। संविधान सभा के सदस्य डा. हृदयनाथ कुंजरू ने 1959 में सैनिक शिक्षा को देश में अनिवार्य करने की वकालत की थी ताकि भारतीय युवा न केवल स्वस्थ्य हों, बल्कि वे देशसेवा के लिए सदैव मानसिक रूप से तैयार रहें। दुर्भाग्य यह कि स्वतंत्रता के बाद नागरिकों में देशभक्ति और अनुशासन सिखाने के मामले में सरकारें भी पूरी तरह से उदासीन रहीं। असल में संवैधानिक रूप से ही नागरिक जीवन में देशभक्ति को अनिवार्यता के धरातल पर नहीं कसा गया। इसीलिए कहीं-कहीं तो सुरक्षाबलों और सेना पर लोग खुलेआम पथराव को अपना अधिकार मानने लगे हैं। मौजूदा



राजनीतिक वातावरण में भी केवल नागरिक अधिकारों एवं तुष्टीकरण की ही बातें हो रही हैं।

हमारे संविधान का अनुच्छेद 51-ए (डी) कहता है कि प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र सेवा और रक्षा के लिए तत्पर रहे। सवाल यह कि क्या हम राष्ट्र रक्षा के लिए सक्षम नागरिक निर्माण की पर्याप्त व्यवस्था पिछले 75 वर्षों में विकसित कर पाए हैं? दुनिया के करीब 80 देशों के स्कूली पाठयक्रमों में सैनिक शिक्षा के अलग-अलग प्रविधान हैं। इजरायल जैसे देशों में तो अनिवार्य सैनिक शिक्षा की व्यवस्था है, जबकि 135 करोड़ की आबादी वाले भारत में महज पांच मिलिट्री स्कूल और 33 सैनिक स्कूल ही संचालित हैं। इन स्कूलों में केवल तीन हजार बच्चों को प्रवेश मिलता है। केंद्र सरकार ने बीते वर्ष केवल 60.51 करोड़ रुपये की राशि ही इन स्कूलों के लिए आवंटित की थी। पांच मिलिट्री स्कूलों के लिए तो यह राशि महज 6.17 करोड़ रुपये ही थी। जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को केंद्र सरकार से 1001 करोड़ रुपये और जेएनयू को करीब 380 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। इन दोनों विश्वविद्यालयों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर क्या कुछ होता रहता है, यह किसी से छिपा नहीं।

सैनिक और मिलिट्री स्कूलों से निकलने वाले छात्र न केवल सेना में सेवा को प्राथमिकता देते हैं, बल्कि अन्य मोर्चों पर भी अपनी प्रभावोत्पादक एवं जवाबदेही की छाप छोड़ते हैं। सैनिक स्कूल से निकलने वाले अधिकतर छात्र सेना को अपने करियर के तौर पर प्राथमिकता देते हैं। सैनिक स्कूल को सेना का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। सैनिक स्कूलों ने सशस्त्र सेनाओं में अब तक 7000 से अधिक अधिकारियों की भर्ती में अपना योगदान दिया है। एक यह तथ्य भी है कि आज सेना में काबिल अफसरों की बड़ी कमी है। सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़ने से इस समस्या का दीर्घ अवधि में निराकरण संभव है। एक महत्वपूर्ण बदलाव मोदी सरकार के आने के बाद यह भी हुआ है कि अब सैनिक स्कूलों में लड़कियां भी इस साल से प्रवेश पा सकेंगी। फिलहाल सैनिक स्कूलों का समग्र संचालन सैनिक स्कूल सोसायटी के पास सुरक्षित है। निजी क्षेत्र के स्कूलों के साथ आने के बाद इनकी गुणवत्ता को कायम रखना भी चुनौती होगी। फीस और दूसरे व्यावहारिक पक्षों को लेकर सरकार को गंभीरता से सोचने होगा। यदि पीपीपी मोड़ वाले नए स्कूल पब्लिक स्कूलों की तरह ही कमाई का जरिया बन जाते हैं तो जिस उद्देश्य के साथ यह प्रयोग अमल में लाया जा रहा है वह नाकाम हो जाएगा।

कुल मिलाकर देश की आंतरिक एवं सीमावर्ती सुरक्षा हालतों के दृष्टिगत भारत में आज एक समावेशी सैन्य शिक्षा की आवश्यकता है। इसलिए केंद्र सरकार को इस दिशा में एक प्रभावी नीति तैयार करनी चाहिए, क्योंकि नई शिक्षा नीति में भी संस्कार के साथ देशभक्ति से सराबोर शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। बेहतर होगा केंद्र सरकार एक जिला-एक सैनिक स्कूल की नीति लागू करे और राज्य सरकारें भी पीपीपी मोड़ पर इस पैटर्न को अपनाएं। जिन शहरों में एक से अधिक केंद्रीय विद्यालय हैं, उनमें से किसी एक को सैनिक स्कूल में तब्दील किया जा सकता है। एक बार केंद्र सरकार ने जवाहर नवोदय विद्यालयों को इस दिशा में मोडने की कोशिश की थी, लेकिन कतिपय विरोध के बाद इसे वापस ले लिया। बेहतर होता कि सरकार अच्छी तैयारी के साथ इस मामले पर फिर आगे बढ़ती। इन स्कूलों की गुणवत्ता बनी रहे, इसके लिए सैनिक स्कूल सोसायटी को पूर्ण स्वायत्तता के साथ इनके संचालन की जवाबदेही सौंपी जानी चाहिए। इन स्कूलों का एकमेव नियंत्रण भी रक्षा मंत्रालय के पास ही होना चाहिए।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# राजकोट मंडल के आरपीएफ स्टाफ ने ट्रेन एवं स्टेशन पर छूटे हुए 57 यात्रियों के 7.73 लाख रु के कीमती सामान लौटाए

वैभव न्यूज ■ राजकोट




राजकोट मंडल के समर्पित कर्मचारी अपने सम्माननीय ग्राहकों को सुखद और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए हमेशा आगे रहते हैं। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम अभिनव जेफ के अनुसार इसी क्रम में 22 फरवरी, 2022 को करीब 16.10 बजे राजकोट रेलवे स्टेशन पर बैग स्कैनर ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल प्रियांशी दुबे को एक बैग लावारिस हालत में सर्कुलेटिंग एरिया में पड़ा होने की सूचना मिली। उन्होंने इस बैग को मशीन से चेक किया और उसमें कोई संदिग्ध सामान नहीं होने की पुष्टि होने पर बैग को आरपीएफ थाने में जमा करा दिया। रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा 2 पंचों के समक्ष बैग खोला गया। इस बैग में कुल 32000/- रु का सामान मिला जिसमें 28000/- रु नगद, स्पोर्ट्स शूज कीमत करीब 2000/- रु और एक अमेरिकन टूरिस्टर बैग कीमत 2000/- रु शामिल हैं। बैग में मिली एक डायरी मे लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर चंचल मुखर्जी नाम के व्यक्ति नाम ने बताया कि वह गाड़ी संख्या 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सांतरागाछी से राजकोट यात्रा करके आए थे और यात्रा के बाद ट्रॉली बैग स्टेशन पर ही भूल गए थे। यह यात्री 22 फरवरी को करीब 20.00 बजे आरपीएफ थाना राजकोट पोस्ट पर उपस्थित हुआ और जानकारी के पूर्ण सत्यापन के बाद बैग और उसका सारा सामान उसे लौटा दिया गया। गौरतलब है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में राजकोट मंडल के आरपीएफ स्टाफ द्वारा अभी तक 57 यात्रियों के ट्रेन एवं स्टेशन पर छूटे हुए करीब 7.73 लाख रु के कीमती समान को ऑपरेशन अमानत के तहत सही सलामत लौटाया जा चुका है। राजकोट डिविजन के मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार जैन तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित रेलकर्मियों द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही, ईमानदारी और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की है।

## केरल में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर तकरार

# मुख्यमंत्री विजयन और विपक्षी यूडीएफ सदस्यों में तीखी बहस

एजेंसी ■ तिरुवनंतपुरम

केरल विधानसभा बुधवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री पी विजयन और विपक्षी यूडीएफ सदस्यों के बीच तीखी बहस का गवाह बनी। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने जहां केरल के गुंडों के गलियारे में तब्दील होने का आरोप लगाया। वहीं, विजयन ने राज्य में दंगों के लिए सांप्रदायिक ताकतों के साथ यूडीएफ को भी कसूरवार ठहराया। शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने वाम सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य में महिलाओं के खिलाफ हत्या, हिंसा और हमलों की कथित तौर पर बढ़ती घटनाओं पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस पेश किया। हालांकि, विजयन ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि केरल देश के उन राज्यों में से एक है, जहां कानून-व्यवस्था बेहद मजबूत स्थिति में है और राज्य पुलिस समाज में हर तरह के अत्याचारों और गलत हरकतों के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि अगर पिछली यूडीएफ सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान राज्य में हत्या



के।,677 मामले दर्ज किए गए थे तो 25 मई 2016 से नौ मई 2021 तक एलडीएफ सरकार में ऐसे।,516 मामले सामने आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, मौजूदा सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य में राजनीतिक हत्याओं के महज छह मामले दर्ज किए गए और इन मामलों में कुल 92 आरोपियों में से 73 के खिलाफ कानूनी कार्वाई की जा चुकी है। केरल में मौजूदा सरकार में सामने आए राजनीतिक हत्या के छह में से तीन मामलों में भाजपा-आरएसएस कार्यकर्ताओं के आरोपी पाए जाने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि बाकी घटनाओं में एसडीपीआई कार्यकर्ता और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं। विजयन ने कहा, आप (कांग्रेस-यूडीएफ) और सांप्रदायिक ताकतें राज्य में दंगे भड़काने के लिए जिम्मेदार हैं। सांप्रदायिक ताकतों की कोशिशों को बेनकाब करने के बजाय आप इन घटनाओं को लेकर सरकार पर आरोप लगाकर किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि केरल में यूडीएफ, भाजपा और एसडीपीआई राज्य को संघर्ष क्षेत्र में बदलने के लिए तैयार थे, लेकिन पुलिस ऐसी घटनाओं पर कड़ा रुख अपना रही है और सभी दोषियों को गिरफ्तार कर रही है। हालांकि, स्थगन प्रस्ताव के लिए नोटिस देने वाले आईयूएमएल के एन शमसुधीन ने आरोप लगाया कि हत्यारे और गुंडे राज्य में हिंसा कर रहे हैं तथा पुलिस और गृह विभाग का उन पर कोई नियंत्रण नहीं है।उन्होंने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हाल ही में राजनीतिक रूप से अस्थिर कन्नूर जिले में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कथित तौर पर मारे गए अपनी पार्टी के सदस्य के हरिदासन की रक्षा भी नहीं कर सके। वहीं, सदन में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि वाम सरकार राज्य में लोगों के जीवन और संपत्ति को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में बुरी तरह से नाकाम रही है।

# गहलोत ने रखा गृहनगर का ख्याल सेहत, शिक्षा और खेल को लेकर बड़ी घोषणाएं

## बोरानाड़ा में मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स बनेगा

वैभव न्यूज ■ जोधपुर




मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हमेशा की तरह इस बार भी अपने गृहनगर के लोगों की सेहत का विशेष ख्याल रखा। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर मुख्य रूप से अपना फोकस रखा। सीएम गहलोत ने इसके अलावा शिक्षा व खेल क्षेत्र में कई कदम उठाए।

**बजट में व्यापारियों पर फोकस**

साथ ही उन्होंने जोधपुर के उद्यमियों का भी पूरा ध्यान रखा है। बोरानाड़ा में मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल कॉम्पलैक्स बनाने की घोषणा की गई है। सीएम ने जोधपुर में चिकित्सा व शिक्षा सुविधाओं के साथ इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहन देने का प्रयास किया है।

**संस्थानों का शहर बना जोधपुर**

पहले भी सीएम गहलोत के प्रयास से जोधपुर को एम्स, एनएलयू, फैशन इंस्टीट्यूट, फुटवियर डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट, आयुर्वेद, कृषि व पुलिस यूनिवर्सिटी की सौगात मिल चुकी हैं। अब मुख्यमंत्री गहलोत ने जोधपुर में न्यूरो साइंस इंस्टीट्यूट खोलने की घोषणा कर एक और संस्थान का उपहार दिया है। इसके अलावा एक डेंटल कॉलेज की कमी को भी पूरा कर दिया।

**स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट मिलेगा**

वहीं मेडिकल कॉलेज में सात नए सुपर स्पेशियलिटी कोर्सेज शुरू होने का लाभ आने वाले वर्षों में शहर को मिलने लगेगा। इनके अलावा राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट के रूप में एक और संस्थान प्रदान कर दिया। दस करोड़ की लागत से खेल संस्थान तो इतनी ही लागत से पैरा खेल अकादमी भी बनाई जाएगी। औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए बोरानाडा में 250 करोड़ की लागत से मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल कॉम्पलैक्स बनाया जाएगा। इस परिसर में आईटी, रेडिमेड गारमेंट, ज्वैलरी व सर्विस सेक्टर से जुड़ी इकाइयां स्थापित हो सकेगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।


# उपराज्यपाल सिन्हा ने स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां विभिन्न स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास किया और कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में नई सुविधाओं से सामाजिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। सिन्हा ने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें जम्मू-कश्मीर के सात सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दो उत्कृष्ट बाल चिकित्सा केंद्र, 28 मातृ आईसीयू और 15 बाल चिकित्सा वार्ड (20-30 बिस्तरों के साथ) के अलावा अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई और सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी), जम्मू के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए।

# भावनगर स्थित पश्चिन रेलवे के मंडल रेलवे अस्पताल के चिकित्सकों ने 1.1 किलोग्राम की ओवेरियन गांठ को निकाला

वैभव न्यूज ■ मुंबई

पश्चिम रेलवे के चिकित्सा कर्मियों ने एक बार फिर अपनी क्षमता को साबित किया है। एक अनूठे मामले में भावनगर स्थित पश्चिम रेलवे के मंडल रेलवे अस्पताल में एक 49 वर्षीय महिला रोगी के 1.1 किलोग्राम वजन के ओवेरियन गांठ को निकाला गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मरीज को पेट दर्द और पीठ दर्द की शिकायत थी। मरीज की गहन चिकित्सा जांच की गई और पेट में एक बड़ी गांठ पाई गई। सीएमपी-गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. विपुल सरवैया द्वारा सर्जरी से 1.1 किलोग्राम वजन के ओवेरियन मास को हटाया गया। सर्जरी के बाद मरीज भलीभांति ठीक हो रही है। ठाकुर ने बताया कि यह





सफल सर्जरी भावनगर मंडल रेलवे अस्पताल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो लाभार्थियों को सर्वोत्तम देखभाल और चिकित्सा उपचार प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है। यह अस्पताल भावनगर में एक अधिकृत सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्र है और इसमें 30,000 से अधिक रेलवे और गैर-रेलवे लाभार्थियों का इलाज किया गया है। कुल पात्र कर्मचारियों में से लगभग शत-प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण किया चुका है। चिकित्सा ऑक्सीजन की आत्मनिर्भरता और ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल में 500 एलपीएम का पीएसए ऑक्सीजन प्लांट भी है। चिकित्सा विभाग स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने, कृमिनाशक दवा का वितरण करने, फॉगिंग, रेलवे परिसरों की सफाई बनाए रखने, मलेरिया-रोधी कदम आदि जैसी निवारक गतिविधियों को सक्रिय रूप से आयोजित भी कर रहा है।

# चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल के साथ उपमुख्यमंत्री ने की प्री-बजट बैठक

वैभव न्यूज ■ पटना



बिहार के उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बजट पूर्व बैठक की एवं चिकित्सा संबंधी आवश्यक प्रावधानों के विषय में विमर्श किया। पटना के पारस एच.एम.आर.आई. अस्पताल के निदेशक डॉ0 ए.ए. हई और रूबन अस्पताल के निदेशक डॉ0 सत्यजीत सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने बिहार के आगामी बजट में आम लोगों की सुविधा के दृष्टिकोण से चिकित्सा के क्षेत्र में कतिपय आवश्यक प्रावधान करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह करते हुए कहा कि आगामी मेडिकल बजट को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया जाए। उनके द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत वर्तमान में सी.जी.एच.एस. स्वीकृत अस्पतालों में ही इलाज की सुविधा है। इसके लिए क्लीनिकल एक्ट में आवश्यक संशोधन करके अन्य अस्पतालों को भी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के अंतर्गत जोड़ा जाए। साथ ही, बिहार सरकार व्यापक जनहित में अल्पकालीन और दीर्घकालीन हेल्थ पॉलिसी बनाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बजट पूर्व बैठक सकारात्मक रही है। उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव पर स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे एवं विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों से विचारोपरान्त आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनमानस को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

## अभियान

*श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल स्टेडियम में दहेज प्रथा एवं बाल-विवाह जैसी कुरीतियों के उन्मूलन तथा नशा मुक्ति को लेकर समाज सुधार अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।*

फोटो- वैभव



# नीतीश कुमार के कार्यों में मिलती है बाबा गाडगे के आदर्शों की झलक: उमेश सिंह कुशवाहा

वैभव न्यूज ■ पटना

बिहार प्रदेश जदयू मुख्यालय में आज संत गाडगे महाराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री श्री संतोष निराला, विधानपार्षद ललन सर्राफ, राष्ट्रीय सचिव रवीन्द्र सिंह, मुख्यालय महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अमरदीप, प्रदेश सचिव बासुदेव कुशवाहा, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के रुबेल रविदास, नवीश कुमार नवेन्दु, सुश्री विनीता



स्टेफी पासवान, हेमराज राम, दीपक रजक, आनंद रजक, जॉर्ज मांझी, श्री महेश पासवान, डॉ0 दिनेश कुमार, श्री मुन्ना चौधरी, शंभू चौधरी, तूफानी राम, वष्णु पासवान, चन्दन सरकार आदि नेताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके तैलचित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। इस मौके पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बाबा गाडगे सच्चे अर्थों में राष्ट्रसंत थे। उन्होंने आजीवन सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी, नशाखोरी और छुआछूत के खिलाफ अभियान चलाया और किसानों-मजदूरों के उत्थान के लिए संघर्षरत रहे। बिहार में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए कार्यों में उनके आदर्शों की झलक मिलती है। न्याय के साथ विकास के संकल्प पर चलते हुए नीतीश कुमार ने जिस तरह समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को ताकत दी ।

# छठी जेपीएससी के अंतिम परिणाम को रद्द करने के फैसले को सही माना

एजेंसी ■ रांची

झारखंड उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भी झारखंड लोक सेवा आयोग की छठवीं प्राशासनिक परीक्षा के अंतिम परिणाम को रद्द करने के एकल पीठ के फैसले को सही ठहराते हुए इस संबन्ध में दाखिल सभी एलपीए को खारिज कर दिया है जिसके चलते पहले घोषित परिणामों में सफल घोषित 326 अभ्यर्थियों को करारा झटका लगा है।

मुख्य न्यायाधीश डॉ. रविरंजन और न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले में 20 अक्तूबर, 2021 को सुरक्षित अपना फैसला बुधवार को सुनाया। फैसले के तहत झारखंड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने छठी जेपीएससी के मामले में एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। इसलिए सभी लेटर पेटेंट अपील खारिज की जाती हैं। इस मामले में न्यायालय की एकल पीठ ने छठी जेपीएससी के अंतिम परिणाम को रद्द करते हुए संशोधित परिणाम जारी करने का निर्देश झारखंड लोक सेवा आयोग को दिया था। अदालत ने माना था कि परीक्षा के प्रथम प्रश्नपत्र में सिर्फ अर्हतांक (क्वालिफाईंग मार्क्स) लाना था, लेकिन जेपीएससी ने इसे कुल प्राप्तांक में जोड़ दिया जो कि गलत था। इस आदेश के बाद जेपीएससी द्वारा छठी जेपीएससी के आधार पर नियुक्त हुए 326 अभ्यर्थियों की ओर से इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की गई थी।

## कार्रवाई | चोरी के पांच और मामलों का पता लगाया

# प. रेलवे सुरक्षा बल ने सीसीटीवी की मदद से चोर को पकड़ा

वैभव न्यूज ■ मुंबई




पश्चिम रेलवे के रेल सुरक्षा बल के जवान यात्रियों की जान बचाने और बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में हमेशा सबसे आगे रहते हैं! आरपीएफ सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों और चोरों को पकड़ने का सराहनीय काम कर रही है। ऐसे ही एक और मामले में आरपीएफ की टीम ने चोर की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया और अंततः चोर को बोरीवली स्टेशन पर पकड़ लिया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रेल सुरक्षा बल की टीम ने बोरीवली स्टेशन और उसके आसपास के विभिन्न अंधेरे स्थानों में संदिग्ध की गतिविधियों का मानचित्रण और विश्लेषण किया। फुटेज के गहन विश्लेषण से संदिग्ध की गतिविधियों का अनुमान लगाया जा सका जिसके कारण अंततः उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। बोरीवली के आरपीएफ पोस्ट को बोरीवली स्टेशन पर अलग-अलग तारीखों में हुई पांच चोरी की घटनाओं की जानकारी थी, जिसमें 1,55,738 रुपये से अधिक मूल्य के दो लैपटॉप और तीन मोबाइल फोन की चोरी हुई थी। इस संबंध में आईपीएफ बोरीवली ने सीपीडीएस टीम के साथ उक्त चोरी के मामलों की सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की और सभी मामलों में एक ही संदिग्ध की पहचान की। सीसीटीवी फुटेज का और अधिक विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि चोरी करने के बाद संदिग्ध हर बार लोकल ट्रेन में चढ़कर नालासोपारा में उतरता था। इसलिए बोरीवली-नालासोपारा खंड में लगातार निगरानी की जा रही थी। ठाकुर ने बताया कि 20 फरवरी, 2022 को संदिग्ध व्यक्ति को बोरीवली स्टेशन से एक लोकल ट्रेन में चढ़ते हुए देखा गया। तुरंत सीपीडीएस की टीम भी उसी ट्रेन में चढ़ गई और संदिग्ध व्यक्ति को तब पकड़ लिया गया जब उसने नायगांव स्टेशन पर उतरने की कोशिश की. संदिग्ध को पोस्ट पर लाया गया जहां उसने मुंब्रा, ठाणे के निवासी रिजवान हनीफ शेख (39 वर्ष) के रूप में अपनी पहचान बताई और चोरी करने का अपराध स्वीकार किया। आगे की जांच के लिए उन्हें ज्ञापन के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी/बोरीवली को सौंप दिया गया। उसे चोरी के सभी पांच मामलों में शामिल पाया गया था। पिछले रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि उसके खिलाफ जीआरपी और शहर के विभिन्न थानों में आईपीसी की धारा 379 के तहत चोरी के पांच और मामले भी दर्ज थे। अतः उसके खिलाफ चोरी के कुल 10 मामले दर्ज हो चुके हैं। पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल का रेल सुरक्षा बल यात्रियों के सामान चोरी/डकैती के अपराधियों को पकड़ने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। लगातार नियोजित कार्य के कारण आरपीएफ द्वारा ऐसे मामलों की रोकथाम और उनका पता लगाने में पर्याप्त सुधार हुआ है।

# जबलपुर में 33 लाख रुपए की लूट के दौरान गार्ड की हत्या: उप्र से दो भाई गिरफ्तार

एजेंसी ■ जबलपुर

मध्य प्रदेश में जबलपुर में एटीएम में रुपए भरने जा रही एक वैन से 33 लाख रुपए लूटने और सुरक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उत्तर प्रदेश से दो भाइयों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना 11 फरवरी को जबलपुर के तिलहरी इलाके में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम पर हुई थी और आरोपियों की ओर से चलाई गई गोली लगने से सुरक्षा गार्ड राज बहादुर पटेल (45) की मौत हो गई थी और सुरक्षा एजेंसी के दो जवान घायल हो गए थे। जबलपुर पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) उमेश जोगा ने बुधवार को पत्रकारों को बताया, दो आरोपियों मनोज कुमार पाल (28) और सुनील कुमार पाल (26) को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया है। दोनों भाई हैं और उनके पास से 32.98 लाख रुपए की नकदी बरामद की गई है। उन्होंने बताया, आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल और वैन से लूटा गया कैश बॉक्स भी बरामद किया गया है।

लूटे गए कैश बॉक्स में 33 लाख रुपए थे जिसमें से दो हजार रुपए आरोपियों ने वाराणसी जाते समय खर्च कर दिए।

एडीजी ने कहा कि शहर में जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच में पाया गया कि आरोपी घटना के बाद छावनी क्षेत्र में अपने आवास पर गए और अगले दिन मोटरसाइकिल से वाराणसी के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने वाराणसी में पिस्तौल खरीदी थी और पिछले साल दिसंबर में जबलपुर आए थे। अधिकारी के मुताबिक, इसके बाद उन्होंने एटीएम में रुपए भरने वाली सुरक्षा एजेंसियों की कैश वैन की गतिविधियों पर नजर रखी और विभिन्न स्थानों का जायजा लिया।

उन्होंने कहा, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वाराणसी की एक अदालत में संपत्ति के विवाद का मुकदमा लड़ने के लिए वकील को फीस देने की खातिर उनके पास रुपए नहीं थे, इसलिए दोनों भाइयों ने यह अपराध किया।

एडीजी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती के आरोप में भादवि की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।



# रेड साड़ी में काजल अग्रवाल ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

## एक्ट्रेस के चेहरे पर साफ दिखा प्रेग्नेंसी ग्लो

एक्ट्रेस काजल अग्रवाल बहुत जल्द मां बनने वाली है। एक्ट्रेस इन दिनों अपने प्रेग्नेंसी टाइम को एंजॉय कर रही है। हाल ही में एक्ट्रेस की दुबई में गोदभराई हुई थी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई थी, जिसमें एक्ट्रेस पति गौतम किचलू और परिवार के साथ पोज देती नजर आई थी। अब काजल ने गोदभराई रस्म के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो खूब पसंद की जा रही हैं।

तस्वीरों में काजल रेड स्लिक साड़ी में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने नेकलेस, झूमके और कंगन पहने हुए हैं। लाइट मेकअप और ओपन हेयर्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है।

इस लुक में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही है। काजल के चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ नजर आ रहा है। एक्ट्रेस बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही है। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर खूब प्यार बरसा रहे हैं।

बता दें एक्ट्रेस ने 30 अक्टूबर 2020 में गौतम किचलू से शादी की थी। शादी में सिर्फ उनके परिवार और कुछ खास दोस्तों को ही बुलाया गया था।

# पति विक्की जैन की बाहों में अंकिता लोखंडे ने दिए रोमांटिक पोज, ग्रीन बनारसी साड़ी बला की खूबसूरत दिखीं एक्ट्रेस






बॉलीवुड तड़का टीम. एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे पति विक्की जैन संग नए शो स्मार्ट जोड़ी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह जोड़ी अपकमिंग रियलिटी शो स्मार्ट जोड़ी में अन्य सेलेब्स कपल के बीच कंटेस्टेंट जोड़ों में से एक के रूप में देखी जाएगी। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपने पति संग कुछ प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं।

इन तस्वीरों में पवित्र रिश्ता एक्ट्रेस पति विक्की जैन संग नजर आ रही हैं। एक साथ दोनों बेहद स्टनिंग लग रहे हैं।

लुक की बात करें तो इस दौरान अंकिता ग्रीन कलर की बनारसी सिल्क की साड़ी में गॉर्जियस लग रही हैं। उन्होंने अपने लुक को कुंदन-पर्ल चोकर सेट और चूड़ियों से एक्सेसराइज किया है। वहीं, विक्की जैन इस दौरान ब्लैक पैंट कोट में परफेक्ट दिख रहे हैं। एक दूसरे की बाहों में कपल का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है और दोनों कैमरे के सामने परफेक्ट पोज दे रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अंकिता ने कैप्शन में लिखा लवर्स!!!



# यूक्रेन में फंसे 18 हजार भारतीय छात्रों को लेकर चिंता में सोनू सूद

## बोले- 'सरकार उन्हें बचाने की कोशिश कर रही होगी, मैं उनकी सलमाती की दुआ करता हूं

यूक्रेन और रूस के बीच जंग छिड़ चुकी है। इस जंग को लेकर सभी चिंता में है। यूक्रेन में काफी भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। इस बात को लेकर एक्टर सोनू सूद काफी परेशान हैं। एक्टर ने ट्वीट कर इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सलामती की दुआ की है।

सोनू सूद ने ट्वीट कर लिखा- 18000 भारतीय स्टूडेंट्स और कई परिवार जो यूक्रेन में फंसे हुए हैं, मुझे उम्मीद है सरकार उन्हें वापस लाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही होगी। मैं भारतीय एंबेसी से वहां फंसे लोगों को बाहर निकालने का वैकल्पिक मार्ग खोजने की अपील करता हूं। उनकी सलमाती की दुआ करता हूं। सोनू का ये ट्वीट खूब वायरल हो रहा है।



बता दें यूक्रेन में ज्यादातर छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए गए हुए हैं। बच्चों के परिजन भी काफी चिंता में हैं। बात करें, यूक्रेन और रूस के बीच छिड़ी जंग की तो सुबह से यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई जारी है। यूक्रेन के अलग अलग जगहों पर कई धमाके हुए हैं। दोनों देशों में से कोई भी झुकने को तैयार नहीं है। पूरी दुनिया में यूक्रेन और रूस की जंग ने खलबली मचा दी है।



# वलिमै फिल्म के प्रचार के लिए हुमा कुरैशी लगा रही है दक्षिणी शहरों के चक्कर

साउथ सुपरस्टार अजित और बहुप्रतिभाशाली हुमा कुरैशी अभिनीत फिल्म वलीमई का प्रचार काफी जोरो शोरो से चल रहा है और इसीलिए में हुमा बैंगलोर, हैदराबाद और चेन्नई इन शहरों के चक्कर लगा रही है।

हुमा इस फिल्म के जरिए पहली बार एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही है, साथ ही पहली बार एक्शन करती भी नजर आएंगी। उनके प्रशंसक उन्हें एक अलग अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

अपनी उत्सुकता सांझा कर हुमा कहती है कि, मैं इस साल की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत ही खुश हूं। वलीमई को दर्शकों से जो प्रतिक्रिया और प्यार मिल रहा है, वह जबरदस्त है। दक्षिण में प्रचार करना हमेशा रोमांचक होता है।

बता दें कि, वलीमई रिलीज़ के दिन चेन्नई में आयोजित किए गए मॉर्निंग फैन शो में उपस्थित रहेंगी। वलीमई की एडवांस बुकिंग पूरे देश में शुरू हो गई है।

# प्रेग्नेंट मोहिना कुमारी ने दोस्तों संग केक काटते हुए शेयर की तस्वीरें, केक पर लिखी मजेदार बात ने खींचा फैंस का ध्यान

ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी के घर बहुत जल्द किलकारी गूंजने वाली है। एक्ट्रेस इन दिनों प्रेग्नेंसी टाइम को एंजॉय कर रही है। एक्ट्रेस इन दिनों अपना पूरा ख्याल रख रही है। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।

तस्वीरों में मोहिना व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही है। लाइट मेकअप और पोनी से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। एक्ट्रेस केक काटती हुई दिखाई दे रही है, जिसपर Baby Rawat Loadinㄹ लिखा हैं।



मोहिना के कुछ दोस्त भी साथ में नजर आ रहे हैं। केक पर Baby Rawat Loading एक्ट्रेस के दोस्तों ने ही लिखा है। एक्ट्रेस के दोस्त उन्हें केक खिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

तस्वीरें शेयर करते हुए मोहिना ने लिखा- ÷इस सबसे प्यारे केक और निश्चित रूप से सबसे स्वादिष्ट केक के लिए @varunkalra~x ¥õÚU @mehtaame4 को धन्यवाद! इस पर जो लिखा है वह बिल्कुल पसंद आया। आप लोगों को प्यार।÷ फैंस इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं।

बता दें मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी की थी। दोनों की शादी हरिद्वार में बड़ी ही धूमधाम से हुई थी, जिसमें टीवी इंडस्ट्री से लेकर राजनीति तक के कई दिग्गज लोग शामिल हुए थे।

# हॉलीवुड एक्टर एड वेस्टविक को डेट कर रही एमी जैक्सन! पिछले साल मंगेतर संग तोड़ा था रिश्ता

एक्ट्रेस एमी जैक्सन फिलहाल फिल्मों से दूर है लेकिन पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई है। खबरें सामने आई है कि एक्ट्रेस की जिंदगी में एक नए शख्स की एंट्री हो गई है। एक्ट्रेस इन दिनों प्यार में गोते लगा रही है। एमी का हॉलीवुड एक्टर एड वेस्टविक के साथ अफेयर चल रहा है। दोनों पिछले 2 महीने से सेक्रेटली एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को लंदन की सड़कों पर एक-दूसरे का हाथ पकड़े स्पॉट भी किया गया था।

रिपोर्ट्स के अनुसार, एमी और एड वेस्टविक ने हाल ही में पेरिस में वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया था। दोनों एक-साथ काफी एंजॉय कर रहे हैं। हालांकि कपल ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। वेस्टविक ने एमी से सऊदी अरब रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मुलाकात की थी। इसके बाद से ही दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी और फिर



दोनों में प्यार हुआ। फैंस अब इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि एमी कब अपने नए रिश्ते पर चुप्पी तोड़ेंगी।

बता दें एमी ने 2021 में अपने मंगेतर जॉर्ज पानायिटू से ब्रेकअप किया था। एमी ने जॉर्ज से रिश्ता तोड़ने को लेकर कोई बयान नहीं दिया था लेकिन एक्ट्रेस ने मंगेतर के साथ सोशल मीडिया से सारी तस्वीरें हटा दी थी। जिसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि दोनों के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा ?था इसलिए दोनों का रिश्ता टूटा, जबकि एमी और जॉर्ज का एक बेटा भी है। एमी बिना शादी के ही बच्चे मां बन गई थी। एक्ट्रेस के बेटे का नाम एंड्रियास है।

# हार्ट अटैक के चलते कन्नड़ आरजे रचना का निधन, 39 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

बी-टाउन इंडस्ट्री से हाल ही में एक बुरी खबर सामने आई है। खबर है कि लोकप्रिय कन्नड़ रेडियो जॉकी रचना का मंगलवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। रेडियो जॉकी हार्ट



अटैक के चलते महज 39 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गईं।

जानकारी के मुताबिक जेपी नगर के अपने फ्लैट में रहने वालीं रचना को सीने में दर्द की शिकायत के बाद पास अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं आरजे के अचानक हुए निधन की खबर सामने आते ही सभी सदमे में हैं। कन्नड़ टीवी जगत के कई कलाकारों ने युवा आरजे के निधन पर शोक व्यक्त किया।

वहीं रचना के साथी आरजे और डांसिंग स्टार सीजन 1 के कंटेस्टेंट आरजे प्रदीप ने भी अपनी दोस्त के अचानक हुए निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर कहा-आपकी आत्मा को शांति मिले आरजे रचना। वह निश्चित रूप से नम्मा बेंगलुरू की सबसे अच्छी जॉकी में से एक थीं। इस छोटी उम्र में दिल का दौरा, यह क्या हो रहा है?

इसके अलावा पूर्व आरजे और एक्ट्रेस सुजाता अक्षय ने भी रचना के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- विश्वास नहीं हो रहा है। ओम शांति। हमारी दोस्ती हमेशा याद रहेगी।

# TMC सांसद नुसरत जहां ने जालीदार टॉप में फ्लॉन्ट किया बिकिनी



पश्चिम बंगाल की फेमस एक्ट्रेस और तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां हमेशा ही सुर्खियों में बनीं रहती हैं।

# सहेलियों संग खूब की मस्ती, मल्टीकलर लहंगे में जमकर लगाए ठुमके...

## अपनी मेहंदी सेरेमनी में शिबानी ने ऐसा जमाया रंग तस्वीरें देख खिल जाएगा चेहरा



19 फरवरी को फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर हमेशा के लिए एक-दूसरे के हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर उनकी वेडिंग फोटोज लगातार वायरल हो रही हैं। हाल ही में न्यूलीवेड शिबानी ने अपनी मेहंदी सेरेमनी की खूबसूरत झलकिया शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई हैं। फैंस इस तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं।

तस्वीरों में देखा जा सकता है कि फरहान शिबानी अपनी मेहंदी सेरेमनी में बेहद खुश नजर आ रहे हैं।

परिवार के सदस्य और उनके दोस्त कपल की मेहंदी सेरेमनी में खूब रंग जमा रहे हैं।

शिबानी अपनी दोस्तों संग खूब मस्ती और डांस करती नजर आ रही हैं। इस फंक्शन की एक-एक तस्वीर बेहद खूबसूरत है।

मेहंदी सेरेमनी में शिबानी की दोनों बहनों अनुषा और अपेक्षा ने भी खूब धमाल मचाया। रिया चक्रवर्ती भी येलो कलर के लहंगे में थिरकती दिखीं।

लुक की बात करें तो अपनी मेहंदी में शिबानी दांडेकर ने मल्टीकलर खूबसूरत लहंगा पहना। इसके साथ उन्होंने मैचिंग पंजाबी जुती पेयर की। इस ड्रेस-अप के साथ एक्ट्रेस ने मैचिंग इयररिंग्स पहने और हाथों पर भी फूलों वाला ब्रेस्लेट पहना।

न्यूड मेकअप और ओपन हेयर्स पर फूल शिबानी की खूबसूरती को चार-चांद लगा रहे हैं। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस बेहद प्यारी लग रही हैं। बता दें, फरहान और शिबानी काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। ये फरहान की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने अधुना भबानी के साथ शादी की थी। उनसे अलग होने के बाद अब एक्टर ने शिबानी दांडेकर का हाथ थाम लिया है।

# विजय श्रीवास्तव सहित दर्जनों नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता

संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के विचारों से प्रभावित एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद के समक्ष तथा राष्ट्रीय महासचिव शिव करण सिंह की उपस्थिति में प्रदेश के दर्जनों सामाजिक एवं राजनैतिक लोगों ने विजय कुमार लाल श्रीवास्तव अम्बेडकरनगर ए0आई0सी0सी0 ई0वी0एम0 इंचार्ज के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 मसूद अहमद ने शामिल होने वाले समस्त महानुभावों का किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह में आस्था व्यक्त करने पर हार्दिक स्वागत किया तथा विश्वाश व्यक्त किया कि पूर्वांचल के जनपदों में राष्ट्रीय लोकदल का प्रचार प्रसार होगा। साथ ही साथ विधान सभा के शेष चरणों में गठबंधन के प्रत्याशियों को मजबूती मिलेगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से, अम्बिका श्रीवास्तव गोण्डा प्रदेश सचिव भारतीय किसान संघ, विनोद कुमार सिंह, बहराइच जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, राज किशोर सिंह पूर्व महामंत्री जिला कॉंग्रेस कमेंटी अम्बेडकरनगर, इं0 अमिताभ मिश्रा सुपौत्र रामलाल मिश्रा पूर्व विधायक फैजाबाद, राजेश यादव, बी0डी0सी0 मेंम्बर अम्बेडकरनगर, प्रदीप शुक्ला प्रमुख समाजसेवी, विकास मणि मिश्रा सचिव समतावादी विचार मंच, ओंकार वर्मा ग्राम प्रधान खीवा अम्बेडकरनगर, संजय वर्मा ग्राम प्रधान छितौरा अम्बेडकरनगर आदि दर्जनों लोंग लोग शामिल थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, प्रदेश सचिव रमावती तिवारी एवं प्रीति श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष राजेश मौर्य आदि लोग उपस्थित थे।

# 1907 लीटर अवैध शराब बरामद एवं 62 मुकदमे दर्ज

संवाददाता

लखनऊ। विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध अब तक 1,06,867 छापों में 14,906 मुकदमे दर्ज हुए एवं 8,13,681 ली0 अवैध शराब की बरामद तथा 13,55,523 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। 4,069 अभियुक्त गिरफ्तार, 110 वाहन जब्त किये गए। एक दिन में 380 मुकदमे दर्ज हुए और 24,506 ली. अवैध शराब की बरामदगी की गयी तथा लगभग 34,060 किग्रा लहन एवं कई भट्ठियों को मौके पर नष्ट किया गया। 66 अभियुक्त गिरफ्तार कर आबकारी एवं सुसंगत धाराओं में हुई कार्यवाही तथा 03 वाहन जब्त किये गये। चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों पर कार्यवाही करते हुए अधिक मात्रा में शराब बरामद कर मौके पर भारी मात्रा में लहन एवं भट्ठियों को नष्ट किया गया।

जनपदों में की गयी बड़ी कार्यवाही

जनपद सोनभद्र : आबकारी एवं पुलिस द्वारा दुकान चेकिंग के दौरान मुख्खा तिराहा थाना घोरावल अन्तर्गत देशी शराब दुकान से 461.20 ली0 शराब बरामद करते हुए 01 अभियुक्त के विरूद्ध आबकारी एवं आईपीसी की अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा दुकान के निलम्बन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है जनपद बस्ती : अखण्डपुर, अशोकपुर एवं सांडपुर थानान्तुर्गत छापेमारी कर 650 ली0 कच्ची शराब बरामद किया गया तथा 700 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट करते हुए 04 मुकदमें दर्ज किये गये। जौनपुर : अवैध शराब के संदिग्धन अड्डों पर दबिश देकर 561 ली0 शराब बरामद करते हुए 08 अभियोग दर्ज किये गये। जनपद अलीगढ़ : थाना क्षेत्रान्तर्गत आबकारी टीम द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही में 475 ली0 कच्ची शराब बरामद करते हुए 11 अभियोग पंजीकृत किये गये। जनपद सिद्धार्थनगर : मझरिया ओरतालय, मसाही, मैताही और कढैला स्थान्ों पर दबिश देकर 460 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी तथा 03 अभियोग दर्ज किये गये। वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत स्थित जनपद वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर एवं जौनपुर में अवैध शराब के विरूद्ध प्रवर्तन कार्य में 2697 ली0 शराब बरामद करते हुए 25 अभियोग किये गये एवं 10 अभियुक्तोंग को गिरफ्तार कर सुसंगत नियमों के अन्तलर्गत कार्यवाही की गयी।

# डेयरी के विकास पर वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षणार्थियों को दी जानकारी

संवाददाता



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के प्रसार निदेशालय में गुरुवार को सोलिडरीडॉड एशिया कानपुर द्वारा ''वैकल्पिक आजीविका, बेहतर कार्य प्रणाली और जलवायु प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय के माध्यम से डेयरी का विकास'' विषय पर दो दिवसीय (24 से 25 फरवरी 2022) कृषक एवं महिला कृषकों हेतु प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह निदेशक प्रसार डॉ पीके राठी ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई नवीनतम तकनीकों से आप अपनी खेती,पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के उद्यम को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर बने। मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने नाडेप कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद बनाने की वैज्ञानिक विधि एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा में जीवांश कार्बन की बढ़ोतरी होती है तथा फसल उत्पाद गुणवत्ता युक्त होता है। डॉ पीके उपाध्याय ने पशुपालन एवं पशुओं के रखरखाव विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ पीके राठी ने कृषि में जैविक उर्वरकों का प्रयोग एवं खेती में लाभ विषय पर बताया। वैज्ञानिक डॉक्टर सोहन लाल वर्मा ने पशुओं के लिए संतुलित आहार एवं हरे चारे की उपलब्धता विषय पर जानकारी दी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ शशिकांत ने पशुओं के प्रमुख रोग नियंत्रण एवं टीकाकरण विषय पर विस्तार से किसानों को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एस बी पाल ने किया तथा उन्होंने विस्तार से प्रशिक्षण की रूपरेखा पर भी चर्चा की। सभी अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सोलिडरीडॉड के महेंद्र कुमार मौर्या कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश सिंह, चित्रागद

# भाजपा ने लोगों को राशन पर निर्भर कर उन्हें गरीबी में धकेल दिया : प्रियंका गांधी

## महंगाई, बेरोजगारी, छुट्टा जानवरों के मुद्दे को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

संवाददाता



लखनऊ। कंग्रेस की महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने गुरुवार को बाराबंकी और गोंडा की विधानसभाओं में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, छुट्टा जानवरों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती महान है, इस धरती ने रफ़ी अहमद किदवई जैसे आजादी की लड़ाई लड़ने वाले नेता दिए। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा नौजवानों की ऊर्जा उत्तर प्रदेश में हैं। यहां की धरती उपजाऊ है, यहां खेती अच्छे से हो सकती है।

प्रियंका ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री पूरी दुनिया घुमते हैं और वहां दिल्ली की सीमा पर 700 किसानों की मौत हो जाती है, प्रधानमंत्री मिलने तक नहीं गए। प्रधानमंत्री 16 हजार करोड़ के दो हवाई जहाज खरीदते हैं, लेकिन गन्ना किसानों का बकाया नहीं दिया जाता है। जब उनके ही मंत्री के बेटे ने लखीमपुर में 6 किसानों को अपनी जीप के नीचे कुचल डाला, तब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री क्यों किसानों से, पीड़ितों से मिलने नहीं गए। उस मंत्री का इस्तीफा भी नहीं मांगा, प्रधानमंत्री उसके साथ मंच साझा करते हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि इस सरकार ने एक बोरा राशन दिला दिया, खातों में कुछ पैसे भिजवा दिए, उनको लगता है कि उनकी जिम्मेदारी ख़त्म। भाजपा ने लोगों को एक बोरे राशन पर निर्भर बना दिया, लोगों को गरीब बना दिया। आपको रोजगार इसलिए नहीं मिल रहा है, क्योंकि आप बेरोजगार होंगे, तो आपमें गुस्सा चढ़ेगा, आप में आत्मविश्वास नहीं होगा, तो आपको फुसलाना आसान हो जाएगा। इसीलिए जब आपके सामने धर्म-जाति की बात होगी तो आप जज्बात के आधार पर उनको वोट दोगे। वह

## बेसमेंट में अवैध खनन पर जिलाधिकारी ने लगाया जुर्माना

कानपुर। शहर में बन रहे तमाम भवनों में बेसमेंट बनाया जा रहा है, लेकिन इसकी अनुमति शायद ही कुछ लोग लेते होंगे। कई बार बेसमेंट की खुदाई से पड़ोसी मकान गिर जाते हैं और हादसा हो जाता है। इसको लेकर किसी ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि रावतपुर में बेसमेंट में अवैध खनन हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने गुरुवार को खनन अधिकारी को मौके का जायजा लिया और जुर्माना लगा दिया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा को शिकायत प्राप्त हुई कि प्लाट संख्या 805 रावतपुर में बेसमेंट के लिए अवैध खनन हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को जांच के लिए भेजा। खनन अधिकारी ने जांच में पाया कि प्लाट संख्या 805 रावतपुर कानपुर नगर में बेसमेंट खनन करते हुए पांच मंजिला इमारत बनाई गई, जिसका केडीए से बिना नक्शा पास कराए कार्य किया जा रहा था। इसके दृष्टिगत संबंधित इंफ्रा हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर अनिल कुमार गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता निवासी 116 /565 रावतपुर गांव कानपुर के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसमेंट निर्माण के दौरान प्राप्त उप खनिज 554 घन मीटर साधारण मिट्टी के परिवहन का अर्थदंड रु0 14,860, यानी पांच लाख रुपये प्रति हेक्टेयर के पैमाने पर जमा कराने के लिए नोटिस दी गई। इसके साथ ही सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन के प्रकरण पर पूर्णतः सख्ती की जाएगी।

# राष्ट्रीय सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में देश के 184 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

संवाददाता



कानपुर । क्रिकेट के लिए देश दुनिया में पहचान बनाने वाला शहर अब राष्ट्रीय शतरंज के क्षेत्र में नए आयाम दर्ज करने की ओर बढ़ रहा है। 25 फरवरी से 3 मार्च तक आर्य नगर स्थित गेंजेस क्लब में एमपीएल 58 वा सीनियर राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के 28 प्रदेशों से लगभग 184 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें 23 ग्रैंड मास्टर पीस इंटरनेशनल मास्टर के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शतरंज की चालों से खुद को साबित करेंगे।

अखिल भारतीय शतरंज फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री भरत सिंह चौहान ने बताया कि फ़ेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर संजय कपूर की पहल पर शहर में पहली बार यूपी चैस एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा नेशनल शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए प्रतिभावान खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर पहुंचाने का मंच मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में फ़ेडरेशन से मान्यता 28 यूनिटों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता के आधार पर भारतीय टीम का चयन वर्ल्ड शतरंज ओलंपियाड और चाइना में होने वाले एशियाड के लिए होगा। उन्होंने बताया कि पांच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की टीम इस टूर्नामेंट के जरिए चयनित की जाएगी जो आगामी दिनों में इन प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यूपी चैस एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महामंत्री एके रायजादा ने बताया कि संक्रमण के बाद पहली बार फ़ेडरेशन की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें खिलाड़ियों की नियमित रूप से जांच और वैक्सीनेशन प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद ही शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को छह लाख और उप विजेता खिलाड़ियों को 5

# तम्बाकू व्यवसायी की मौत से परिजनों में मचा कोहराम


संवाददाता




भरथना, इटावा। अत्यधिक शुगर बढने से तम्बाकू व्यवसायी की बीती रात्रि आकस्मिक मौत हो गई,घटना से परिवार में कोहराम मच गया। इससे पहले बीते वर्ष मृतक के पिता और दो माह बाद भाई का भी दुःखद निधन हो चुका है। जिसके कारण तम्बाकू व्यवसायी का पूरा परिवार पूरी तरह टूट गया है। तम्बाकू व्यवसायी मृतक सजंय शाक्य अपने घर का इकलौता कमाऊ मुखिया था,मृतक अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व एक पुत्री को रोता बिलखता छोड गया है। भरथना कस्बा के मुहल्ला महावीर नगर निवासी मृतक के चचेरे भाई तम्बाकू व्यवसायी प्रशान्त शाक्य ने बताया कि उसके 42 वर्षीय भाई संजय शाक्य उर्फ नीटू तम्बाकू व्यवसायी पुत्र स्वर्गीय प्रमोद कुमार शाक्य की अत्यधिक शुगर बढ जाने के कारण बीती बुधवार की रात्रि करीब 10 बजे आकस्मिक मौत हो गई। इससे पहले बीती वर्ष फरवरी में मृतक के पिता प्रमोद कुमार शाक्य सहित दो महीने बाद भाई राजीव कुमार का अप्रैल,में निधन हो चुका है। एक वर्ष में परिवार के तीन सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु से परिवार बुरी तरह टूट गया है। मृतक अपने घर में इकलौता कमाऊ मुखिया सदस्य था। मृतक सजंय शाक्य अपने पीछे पत्नी ऊषा देवी,पुत्री कुमारी प्रिया 23 वर्ष,पुत्र प्रियांशू 20 वर्ष को रोता बिलखता छोड

# रघुकुल हॉस्पिटल में महिला की मौत पर गलत नाम प्रार्थना पत्र में किया था अंकित

संवाददाता





इटावा । निजी रघुकुल हॉस्पिटल पर अठारह दिन पहले प्रार्थी विक्रम ग्राम मोहब्बत पुर जसोहंन पोस्ट सिरहोल निवासी अपनी नवविवाहित पत्नी प्रियंका को दिनांक सात फरवरी को डिलेवरी के लिए रघुकुल हिस्पिटल में गांव की आशा देवी के साथ भर्ती कराया था।भर्ती के दौरान हॉस्पिटल संचालक ईस्वर दयाल सिंह ने ओप्रेसन की बात कही और पैसे जमा करने को कहा।ओप्रेसन के दौरान पूरा खर्च 50000/ रुपये में तय कर पैसे जमा होने के बाद डॉक्टरों द्वारा मेरी पत्नी प्रियंका का ओप्रेसन किया गया और दोनों ही जच्चा और बच्चा स्वस्थ थे।देर रात 3 बजे डॉक्टरों की लापरवाही से मेरी पत्नी की हालत अचानक से खराब हुई और मौत हो गयी।आनन फानन में स्टाफ ने म्रत पत्नी के साथ हॉस्पिटल के बाहर निकाल दिया और हॉस्पिटल को बंद कर फरार हो गए।जिस संबंद में थाना सिविल लाइन में लिखित तहरीर दी थी जिसमे उस समय ओप्रेसन करने वाले डॉक्टर और संचालक का नाम पता नही था।तभी वही एक लड़के के बताने पर गलत डॉक्टर के नाम को तहरीर में अंकित कर दिया गया था।उसी तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। बाद में जानकारी करने पर संचालक और ओप्रेसन में मौजूद डॉक्टरों के नाम को विवेचना में संलग्न कर डॉक्टर सुनील निषाद के मुकदमे से निकालने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शपथ प्रमाण पत्र देकर विवेचना में अंकित करने की बात कही।प्रार्थी ने बताया कि हॉस्पिटल को सील कर मुकदमा पंजीकृत के बाद से संचालक फरार है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत

संवाददाता



इटावा। नवीन मंडी परिसर को व्यापारियों के लिए खोले जाने को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जबसे मंडी अधिग्रहित की सूचना जारी हुई है तब से निरंतर जिला प्रशासन से मंडी को व्यापारियों के लिए खोले जाने की मांग करता चला आ रहा है 24 फरवरी से मंडी परिसर मैं व्यवसाय शुरू होने पर व्यापारियों ने राहत की सांस ली और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का आभार जताते हुए जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान व उनकी टीम का फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान ने कहा कि चुनाव के समय मंडी अधिग्रहित किया जाना व्यापारी विरोधी कदम है जिसे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आने वाले चुनाव में अधिग्रहित ना हो इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में चुनाव आयोग सहित प्रदेश सरकार से मंडियों को प्रदेश के चुनाव के समय मुक्त रखने की मांग करेगा जिसके लिए आवश्यकता पड़ने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आंदोलनात्मक रवैया भी अपना सकता हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री शिव कुमार सिंह चैहान प्रदेश मंत्री नवीन यादव प्रदेश मंत्री विशाल गुप्ता युवा प्रदेश संगठन मंत्री अब्दुल जब्बार राईन जिला उपाध्यक्ष सुमन यादव गोरखनाथ वर्मा जिला महामंत्री शैलेश जैन सुनीत चैहान नगर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला महामंत्री रिंकू यादव महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुनीता यादव जिला कोषाध्यक्ष ममता दुबे सब्जी मंडी अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा फल मंडी अध्यक्ष मोहम्मद मुबीन उर्फ कल्लू गल्ला मंडी अध्यक्ष सतीश यादव महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता नगर महामंत्री विवेक गुप्ता रमेश यादव नगर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन पल्लेदारो की तरफ से हाकिम सिंह शाका भाई पल्लेदारों के मुखिया ने भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# अजिंक्य रहाणे 'शून्य' पर आऊट

## मुंबई के कुल 5, गोवा ने 163 रन पर किया ऑलआऊट



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के दौरान बड़ा ऊलटफेर देखने को मिला जब गोवा की टीम ने मुंबई को पहली पारी में 163 रनों पर ऑलआऊट कर दिया। मुंबई की ओर से 5 बल्लेबाज ऐसे थे जोकि अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इसमें सबसे चर्चित नाम अजिंक्य रहाणे और विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे का रहा। मुंबई की शुरूआत फिर से खराब रही। कप्तान पृथ्वी शॉ से उम्मीद थी कि वह मुंबई के लिए बढ़ी पारी खेलेंगे लेकिन एक बार फिर से वह 9 रन ही बनाकर पवेलियन लौट गए। सलामी बल्लेबाज आकर्षित गोमल 21 तो सचिन यादव 27 रन ही बना पाए।

मुंबई की ओर से सरफराज खान ने एक बार फिर से जिम्मेदारी उठाई। इस सीजन के पहले ही मैच में 275 रन बनाने वाले सरफराज खान ने आज अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 63 रन बनाए। उन्हें कोटियन का साथ मिला जिन्होंने 38 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 30 रन बनाए। मुंबई की ओर से अजिंक्य रहाणे के अलावा आदित्य तारे, शम्स मुलानी, धवल कुलकर्णी और प्रशांक सोलंकी खाता भी नहीं खेल पाए।

गोवा की गेंदबाजी की बात की जाए तो उनकी ओर से लक्षित गर्ग और अमित यादव ने सभी 10 विकेट चटकाए। लक्षित ने 14.4 ओवर में 3 मेडन फेंकते हुए 46 रन देकर 6 विकेट लिए। अमित यादव ने 17.4 ओवर में 6 मेडन फेंकते हुए 47 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी गोवा की शुरूआत खराब रही। ओमानकर महज 6 रन बनाकर मोहित अवस्थी की गेंद पर पगबाधा अऊट हो गए लेकिन इसके बाद सुनील देसाई और प्रभुदेसाई ने सधी हुई बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया।

# रविंद्र जडेजा के बल्लेबाजी क्रम पर बोले कप्तान रोहित शर्मा- वह और खेलेगा



नई दिल्ली। भारतीय टीम ने लखनऊ के मैदान पर श्रीलंकाई टीम को पहले टी-20 मैच में 62 रन से हरा दिया। यह रोहित शर्मा की बतौर कप्तान लगातार 10वीं जीत रही। इसी के साथ वह घर में सबसे ज्यादा 15 मैच जीतने का रिकॉर्ड इयोन मोर्गन के बराबर कर चुके हैं। मैच जीतने के बाद रोहित काफी खुश थे। उन्होंने रविंद्र जडेजा को बल्लेबाजी क्रम में प्रमोट करने पर बात की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जडेजा सक्षम हैं हम उन्हें आगे भी खेलते हुए देख सकते हैं।

रोहित ने कहा कि मैं उसकी (जडेजा) वापसी से बेहद खुश हूं। हम उससे हमेशा ज्यादा चाहते हैं इसलिए हमने उसे ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा। आप देखेंगे कि वह भारत के लिए ज्यादातर खेलों में अपना प्रभाव छोड़कर जाता है। मैं चाहता हूं कि वह इस क्रम में और बल्लेबाजी करें। वह बहुत बेहतर बल्लेबाज है, इसलिए हम कोशिश करेंगे और देखेंगे कि क्या हम आगे जाकर उसे बढ़ावा दे सकते हैं या नही।

रोहित ने कहा कि सफेद गेंद क्रिकेट में हम उसके साथ जो हासिल करना चाहते हैं, उसे लेकर हम बहुत स्पष्ट हैं। मुझे बड़े मैदानों पर खेलना पसंद है, क्योंकि तभी आपकी परीक्षा बल्लेबाज के रूप में होगी। यहां आपको थोड़ी बल्लेबाजी का भी इस्तेमाल करना है। कोलकाता में आपको बस गेंद को टाइम करने की जरूरत थी। यह लगातार हो रहा है। हां, हम आसान कैच छोड़ रहे हैं। हमारे फील्डिंग कोच को कुछ काम करना है। ऑस्ट्रेलिया में आपको अच्छा क्षेत्ररक्षण चाहिए होगा। रोहित ने इस दौरान ईशान पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मैं ईशान को लंबे समय से जानता हूं। मैं उसकी मानसिकता जानता हूं। मैं उसकी क्षमता को भी जानता हूं। उसे दूसरे छोर से देखना सुखद था। उन्होंने जिस तरह से पारी का निर्माण किया वह अच्छा था। हम बीच में अंतराल खोजने के बारे में बात कर रहे थे।

## रोहित शर्मा ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, विराट और गुप्टिल को छोड़ा पीछे

भारत और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी मैदान में खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करने के लिए आई भारतीय टीम की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत दी। इस मैच में रोहित शर्मा ने 44 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने 2 चौके और एक छक्का लगाया। इस पारी के साथ ही रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

रोहित शर्मा ने श्रीलंका खिलाफ जैसी ही 37वां रन पूरा किया। उन्होंने अपने नाम यह बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को पीछे छोड़ा है। मार्टिन गुप्टिल के नाम टी20 में 3299 रन हैं जबकि आज की पारी के बाद रोहित शर्मा के 3307 रन हो गए हैं। अगर इस मैच में रोहित शर्मा 19 रन और बना लेते तो वह बतौर कप्तान सबसे तेज हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाते। पर लाहिरु कुमारा की एक गेंद पर रोहित शर्मा चकमा खा गए और अपना विकेट गंवा बैठे।

## ओलंपिक में भारत को गोल्ड मैडल दिलाने चाहते हैं श्रीनगर के लबीब फिरोज

नई दिल्ली। श्रीनगर के राजबाग के रहने वाले लबीब फिरोज वुशु और किक बॉक्सिंग में नाम कमा रहे हैं। नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले फिरोज अब तक पटना मुंबई जम्मू और हरियाणा में खेलों के विभिन्न इवेंट्स में पदक जीत चुके हैं। श्रीनगर से उबर कर नेशनल खेलने वाले लबीब ने कहा कि



उनकी तरक्की में उनके घर वालों के साथ कोच आसिफ हुसैन का योगदान रहा। उन्होंने कहा कि आप जब नेशनल खेलते हो तो यह आपके लिए बड़ी उपलब्धि हो जाती है और जब मेरा सिलेक्शन नेशनल के लिए हुआ था तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा था।

लबीब ने आगे कहा कि मेहनत के दम पर और सही गाइडेंस के कारण मैंनें इन खेलों में मेडल जीते इस दौरान कोच आसिफ हुसैन ने मेरी बॉडी के साथ मानसिक बल को बढ़ाने के लिए लंबे समय से काम किया वह मेरी डाइट का ख्याल तो रखते ही थे साथ ही साथ मेरी मानसिक शांति के लिए प्रयास करते थे।

उन्होंने आगे कहा कि मेरा मुख्य मकसद ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करूं और गोल्ड मेडल लाऊं। श्रीनगर में 2 बड़े स्टेडियम हैं जोकि बच्चों में खेलों के प्रति रुझान बढ़ा रहे हैं। हमारे लिए विश्व स्तरीय प्रैक्टिस और तकनीक का इस्तेमाल होता है हम विश्वस्तरीय तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं मैं जब भी नेशनल खेलने के लिए विभिन्न शहरों में जाता था वहां पर खिलाड़ियों से मेरी बातचीत होती थी तो वह मेरी ट्रेंनिंग सुविधाएं देखकर खुश होते थे।

## भारतीय तीरंदाजों श्याम-ज्योति ने पैरा विश्व चैम्पियनशिप में रचा इतिहास

दुबई। भारत ने बुधवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया जिसमें श्याम सुंदर स्वामी और ज्योति बालियान की जोड़ी ने कम्पाउंड मिश्रित टीम ओपन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश के लिए कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया। भारतीय जोड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल में रूस की टीम से होगा।



वर्ष 2017 के बाद से भारतीय पैरा तीरंदाजों ने बस विश्व चैम्पियनशिप को छोड़कर लगभग हर एकल स्पर्धा में पदक जीते हैं। श्याम सुंदर और ज्योति बालियान की जोड़ी ने इससे पहले 2021 फाज्जा विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट और 2019 बैंकाक एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीते थे। भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जूली चुपिन और थिएरी जोसायूमे की फ्रांसिसी जोड़ी को 151-145 से हराकर कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने मारिया आंद्रिया वर्जिलो और माटियो बोनासिना की इतालवी जोड़ी को 147-146 से हराया था। भारतीय जोड़ी ने इराक को 151-138 से हराकर शुरूआत की थी। ज्योति ने कहा, 'मैं शूटिंग लाइन में वापसी कर काफी रोमांचित हूं और उम्मीद करती हूं कि अपना पहला विश्व चैम्पियनशिप पदक लेकर घर लौटूंगी।

## 9 खिलाड़ियों के साथ खेला जा सकता है महिला क्रिकेट विश्वकप, ICC ने किया बड़ा ऐलान

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूजीलैंड में होने वाले महिला वनडे विश्व कप का आयोजन बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कहा कि यदि प्रतियोगिता के दौरान कोविड-19 का प्रकोप फैलता है तो सभी मैचों का आयोजन 9 खिलाड़ियों के साथ भी किया जा सकता है। वेस्टइंडीज में खेले गए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप से ही 9 खिलाड़ियों के साथ खेलने का नियम आईसीसी के दिशानिर्देशों का हिस्सा है। अंडर-19 विश्व कप में इसकी जरूरत नहीं पड़ी जहां भारत ने रिकार्ड पांचवीं बार खिताब जीता था। आईसीसी के प्रतियोगिता प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा कि खेलों से जुड़े मौजूदा नियम (प्लेइंग कंडीशन्स) टीम में कोविड का प्रकोप होने पर कम खिलाड़ियों वाली टीम उतारने की अनुमति देते हैं जिसमें प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ के सदस्य स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक की भूमिका निभा सकते हैं। यदि आवश्यक हुआ तो हम वर्तमान परिस्थितियों में टीम को 9 खिलाड़ियों को उतारने की अनुमति देंगे। यदि उनकी प्रबंधन टीम में महिला सदस्य हैं तो हम मैच चलाने के लिए उनमें से दो को स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में उतारने की अनुमति देंगे लेकिन वे बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। महामारी को देखते हुए सभी टीमों को तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों के साथ यात्रा करने की अनुमति दी गई है जिन्हें किसी खिलाड़ी के कोविड से संक्रमित होने पर 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया जा सकेगा। आईसीसी के अधिकारी ने जरूरत पड़ने पर मैचों के कार्यक्रम में बदलाव से भी इन्कार नहीं किया। उन्होंने कहा कि हम टीमों से अधिकतम लचीलापन दिखाने के लिए कहेंगे और मैच पूरा करने के अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये हम भी जरूरत पड़ने पर जितना संभव हो सके लचीला रुख अपनाएंगे।

# मेदवेदेव और नडाल मैक्सिको ओपन के क्वार्टर फाइनल में



अकापुल्को। दानिल मेदवेदेव और राफेल नडाल ने बुधवार को यहां आसान जीत के साथ मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। मेदवेदेव ने पाब्लो एंडुजर पर 6-1, 6-2 से हराकर एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने की तरफ भी मजबूत कदम बढ़ाए। नडाल ने स्टीफन कोजलोव को 6-0, 6-3 से पराजित किया। अगर मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में योशिहितो निशिओका और नडाल टॉमी पॉल को हरा देते हैं तो दोनों खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने सामने होंगे। नडाल ने आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पांच सेट तक चले मुकाबले में मेदवेदेव को हराया था।

मेदवेदेव ने पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। अकापुल्को में खिताब जीतने पर 26 वर्षीय मेदवेदेव विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जाएंगे जिस पर अभी नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पॉल ने दुसान लाजोविच को 7-6 (6), 2-6, 7-5 से जबकि निशिओका ने टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस बीच मौजूदा चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव को युगल मैच गंवाने के बाद गुस्से में अपना रैकेट अंपायर की कुर्सी पर मारने के कारण टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है।

अन्य मैचों में स्टेफनोस सिटसिपास ने जेजे वुल्फ को 6-1, 6-0 से हराया। उनका सामना अब मार्कोस गिरोन से होगा जिन्होंने पाब्लो कारेनो बुस्टा को 6-7 (7) 6-4 7-6 (4) से पराजित किया। कैमरून नोरी ने जॉन इस्नर को 6-7 (2), 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। उन्हें अब पीटर गोजोविच से भिड़ना है जिन्होंने जेवरेव को बाहर किये जाने से क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## सचिन की फोटो का सोशल मीडिया पर हो रहा है गलत इस्तेमाल, अब करेंगे कानूनी कार्रवाई

मुंबई। सोशल मीडिया पर एक कैसीनो का समर्थन करने वाली उनकी तस्वीरें वायरल होने के बाद तेंदुलकर का स्पष्टीकरण आया है। हालांकि मास्टर ब्लास्टर ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में कोई सच्चाई नहीं है और उनकी कानूनी टीम भी कार्रवाई करेगी। भारत के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कभी भी जुए, तंबाकू या शराब का समर्थन नहीं किया।

सचिन ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मेरे संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई विज्ञापन दिखाए जा रहे हैं। जिसमें एक मॉर्फ्ड फोटो है जिसमें मुझे एक कैसीनो का समर्थन करते हुए दिखाया गया है। मैंने कभी भी व्यक्तिगत रूप से जुआ, तंबाकू या शराब का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन नहीं किया है।

सचिन ने आगे कहा कि यह सब कुछ देखकर दर्द होता है। यह देखने के लिए कि मेरी तस्वीरों का इस्तेमाल लोगों को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। लोगों को गुमराह करने के लिए अपनी तस्वीरों का इस्तेमाल करते हुए देखना बहुत दुखदायी है। सचिन ने आगे कहा कि मेरी लीगल टीम इसके खिलाफ जल्द ही कोई एक्शन लेगी। मुझे लगा कि इस जानकारी को सभी के साथ साझा करना मेरे लिए महत्वपूर्ण है। सचिन ने भारत के लिए 24 साल क्रिकेट खेला है और उन्होंने कभी भी शराब और तंबाकू जैसी कंपनियों का प्रचार नहीं किया है।

# मिताली राज ने किया खुलासा, बताया कब ले रही हैं क्रिकेट से संन्यास



क्वींसटाउन। भारत ने 5 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हरा दिया और क्लीन स्वीप से बच गई है। इस सीरीज में भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। पर आखिरी वनडे जीतकर टीम की कप्तान मिताली राज ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि जब वह क्रिकेट से संन्यास लेंगी तो भारतीय टीम और भी मजबूत हो जाएगी।

मिताली राज ने कहा कि आगामी 50 ओवर के विश्व कप के बाद जब वह संन्यास ले लेंगी तो टीम नई प्रतिभाओं के साथ कहीं अधिक मजबूत होगी। जब मैं इस टूर्नामेंट के बाद संन्यास ले लूंगी तो मैं देखूंगी कि आने वाली नई प्रतिभाओं के साथ टीम कहीं अधिक मजबूत है। मिताली राज ने आगे कहा कि हमने पिछले कुछ मैचों में सुधार किया है जो विश्व कप से पहले एक अच्छा संकेत है। बड़े टूर्नामेंट से पहले सही तैयारी करना जरूरी था। इस सीरीज में गेंदबाजों ने आज अच्छा प्रदर्शन किया। जिस चीज पर हमें ज्यादा काम करने की जरूरत है वह है हमारी फील्डिंग। हमें यह मौका देने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड का धन्यवाद।

भारत ने अपनी तीनों अनुभवी बल्लेबाजों कप्तान मिताली राज, सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और फॉर्म में वापसी करने वाली हरमनप्रीत कौर के अर्धशतकों की मदद से गुरुवार को यहां 5वें और आखिरी वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराकर न्यूजीलैंड दौरे में अपनी पहली जीत दर्ज की।

## नवीन पटनायक ने भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम से मुलाकात की



भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम के खिलाडियों से मुलाकात की और उन्हें एफआईएफ हॉकी प्रो लीग के आगामी घरेलू चरण के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी। भारतीय पुरुष टीम 26 और 27 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगी।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत के खिलाफ दो चरण के प्रो लीग मुकाबले से पहले स्पेन की पुरुष टीम सोमवार को यहां पहुंची। इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ अपने दोनों शुरुआती मुकाबले हारने वाली दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन मौजूदा सत्र में प्रो लीग में पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में खेले अब तक चार मैच में से तीन में जीत दर्ज की है।

# एशिया कप क्वालीफायर के अंतिम दौर में इन टीमों से भिड़ेगा भारत




नई दिल्ली। एशियाई फुटबॉल परिसंघ के मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर स्थित मुख्यालय में गुरुवार को एएफसी एशिया कप चीन 2023 के अंतिम दौर के क्वालिफायर मुकाबलों का शेड्यूल जारी किया गया। भारत को ग्रुप डी में हांगकांग, अफगानिस्तान और कंबोडिया के साथ रखा गया है।

टूर्नामेंट का यह आखिरी चरण आठ जून को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में शुरू होगा और इस दिन भारतीय फुटबॉल टीम कंबोडिया से भिड़ेगी, जबकि उसके अगले दो मैच 11 जून को अफगानिस्तान और 14 जून को हांगकांग के खिलाफ होंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 24 टीमों को छह समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें छह ग्रुप विजेता टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीमें चीन में होने वाले एएफसी एशिया कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय फुटबॉल टीम ने फीफा विश्व कप कतर 2022 और एएफसी एशियाई कप चीन 2023 के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे दौर में ग्रुप ई में तीसरे स्थान पर रहने के बाद एएफसी एशिया कप क्वालीफायर के तीसरे और अंतिम दौर में जगह बनाई थी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने शेड्यूल के बारे में कहा, 'शेड्यूल हमेशा अच्छा या बुरा हो सकता है, लेकिन हमें अपना काम करने की जरूरत है। हमारी योजना मई के पहले हफ्ते से कोलकाता में अपना तैयारी शिविर शुरू करने की है, लेकिन मुंबई सिटी एफसी के खिलाड़ी एएफसी चैंपियंस लीग में क्लब की प्रतिबद्धताओं के कारण 29 मई से पहले उपलब्ध नहीं होंगे।

वहीं एटीके मोहन बागान के भी एएफसी कप में शामिल होने की संभावना है और उनके खिलाड़ी भी 25 मई तक अनुपलब्ध रहेंगे। इन दोनों क्लबों के लगभग 12 या इससे अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। ऐसे में हमें अन्य खिलाड़ियों को आजमाने, उन्हें तैयार करने और अन्य खिलाड़ियों के टीम में शामिल होने का इंतजार करने की जरूरत है। मौजूदा स्थिति काफी हद तक मार्च में होने वाले मैत्री मैचों जैसी ही है। उल्लेखनीय है कि भारतीय फुटबॉल टीम को 23 और 26 मार्च को क्रमश- बहरीन और बेलारूस के साथ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं।

## ईशान किशन ने लगाया मिनी हैलीकॉप्टर शॉट, जिसने भी देखा कहा- वाह!



नई दिल्ली।

भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ के स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ताबड़तोड़ 89 रन बनाए और देश के लिए बतौर विकेटकीपर टी-20 में सबसे ज्यादा स्कोर करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। ईशान ने अपनी पारी के दौरान 56 गेंदें खेलीं और 10 चौके और 3 छक्के लगाए। ईशान ने अपनी पारी के दौरान एक ऐसा शॉट भी लगाया जिसे क्रिकेट फैंस मिनी हेलीकॉप्टर शॉट भी बोल रहे हैं।

टी-20 में भारतीय विकेटकीपर का उच्च स्कोर

89 ईशान किशन बनाम श्रीलंका (2022)

65 रिषभ पंत बनाम विंडीज (2019)

57 केएल राहुल बनाम न्यूजीलैंड (2020)

56 केएल राहुल बनाम न्यूजीलैंड (2020)

56 महेंद्र सिंह धोनी बनाम इंगलैंड (2017)

ऐसे की श्रीलंकाई बल्लेबाजों की पिटाई

चमीराः 9 रन

कुमारा : 31 रन

करुणारत्ने :15 रन

जयविक्रमा : 11 रन

जाफरी : 15 रन

शनाका : 8 रन

देखें वीडियो : लाहिरी कुमारा को मारा खूबसूरत सिक्स

बता दें कि ईशान को आईपीएल ऑक्शन 2022 में सबसे ज्यादा पैसे मिले हैं। उन्हें मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ रुपए में अपने साथ रखा है। ईशान के लिए आईपीएल के पिछले दो सीजन बेहद अच्छे गए थे।